देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:169 | जयपुर, रविवार, 31 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## नई दिल्ली स्टेशन पर मेट्रो से आने वाले 3 हजार यात्रियों के प्रबंधन के लिए बनेगा आधुनिक होल्डिंग एरिया : रेल मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मेट्रो से एक साथ आने वाले करीब तीन हजार यात्रियों के सुचारू प्रबंधन के लिए भारतीय रेलवे ने बड़ी पहल की है। स्टेशन परिसर के अजमेरी गेट की ओर एक आधुनिक स्थायी होल्डिंग एरिया तैयार किया जा रहा है, जहां मेट्रो से उतरने वाले यात्री पहले प्रवेश करेंगे, टिकट खरीदेंगे और फिर सुरक्षित तरीके से प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि त्योहारों के दौरान यात्रियों को अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

रेल मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली स्टेशन पर एक्सेस कंट्रोल और होल्डिंग एरिया का काम तेज़ी से चल रहा है। होल्डिंग एरिया बनने से अचानक आने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो से यदि एक साथ तीन हजार यात्री आते हैं, तो वे सीधे प्लेटफॉर्म पर भीड़ नहीं बनाएंगे, बल्कि पहले इस समर्पित होल्डिंग एरिया में जाएंगे। इससे प्लेटफॉर्म और स्टेशन भवन पर अचानक भीड़ उमड़ने की स्थिति से बचा जा सकेगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि काम अच्छी तरह से चल रहा है, सभी अनुमतियां मिल गई हैं। डिज़ाइन का काम लगभग पूरा



हो गया है। टेंडर फाइनल हो गया है और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।

रेल अधिकारियों के अनुसार, इस होल्डिंग एरिया का उद्देश्य प्लेटफॉर्म और स्टेशन भवन पर अचानक उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करना है। इसे तीन हिस्सों में बांटा गया है। प्री-टिकटिंग एरिया (1950 वर्ग मीटर)= लगभग 2700 यात्रियों के बैठने की क्षमता। टिकटिंग एरिया (2288 वर्ग मीटर): करीब 3100 यात्रियों के सुचारू आवागमन की व्यवस्था। टिकट-पश्चात क्षेत्र (1570 वर्ग मीटर): लगभग 1350 यात्रियों के बैठने की जगह, जिससे सुरक्षा जांच और सामान स्कैनिंग बिना अव्यवस्था के हो सके। बेहतर भीड़ प्रबंधन के लिए इस क्षेत्र में 22 टिकट काउंटर, दो शौचालय ब्लॉक, जन-संबोधन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक सूचना बोर्ड, एआई आधारित निगरानी कैमरे, सामान स्कैनर, मार्गदर्शन के लिए साइनेज और मेट्रो कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं।

## महाराष्ट्र के बीड में तेज रफ्तार कंटेनर से कुचलकर छह पैदल यात्रियों की मौत

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड़ जिले में धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नमलगांव फाटा फ्लाईओवर के पास शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार कंटेनर से कुचलकर छह पैदल यात्रियों की मौत हो गई है । बीड़ ग्रामीण



पुलिस की टीम ने इस मामले में कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है। बीड में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज सुबह छह लोग धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर से पेंडगांव में देवदर्शन के लिए जा रहे थे। तभी नमलगांव फाटा फ्लाईओवर के पास पीछे से आ रहे तेजरफ्तार कंटेनर ने इन सभी को कुचल दिया और कंटेनर चालक कंटेनर को लेकर फरार हो गया। इस घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई , जबकि दो घायलों को तत्काल बीड़ जिला अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी दोनों की भी मौत हो गई। इस घटना में मृतकों की पहचान विशाल श्रीकिसन काकड़े, अमोल नामदेव गर्जे, आकाश कोलसे, पवन जगताप , किशोर टोर और एक अन्य के रुप में गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही बीड़ ग्रामीण पुलिस ने कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की छानबीन कर रही है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक और शिक्षादूत की नक्सलियों ने की हत्या

एजेंसी

**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने एक और शिक्षादूत की हत्या कर दी है। मृतक शिक्षादूत गंगालूर क्षेत्र के नेन्द्रा में पदस्थ था। बीजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, गंगालूर क्षेत्र के नेन्द्रा में पदस्थ शिक्षादूत कल्लू ताती को नक्सलियों ने स्कूल से लौटते समय अगवा कर लिया था। देर रात उसकी हत्या कर दी गई। मृतक मूल रूप से तोड़का गांव का निवासी था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सिलगेर इलाके के मंडीमरका में नक्सलियों ने एक शिक्षादूत लक्ष्मण बारसे की हत्या कर दी थी। वह मूल रूप से बीजापुर के ग्राम पेगड़ापल्ली का निवासी था। इसी तरह गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात बीजापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मनकेली पटेलपारा में एक 27 वर्षीय युवक सुरेश कोर्सा की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी और जंगल में भाग गए।स्कूलों के पुनः संचालन के बाद से बीजापुर जिले में 6 और सुकमा जिले में 5 शिक्षादूतों की नक्सलियों द्वारा हत्या की जा चुकी है।

## रियासी के माहोर में भूस्खलन, एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

**रियासी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की माहोर तहसील के भद्दर गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक घर के ढह जाने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों के अनुसार यह घटना शनिवार सुबह हुई जब भूस्खलन ने एक खड़ी ढलान पर स्थित घर को अपनी चपेट में ले लिया। इससे घर मलबे में दब गया। घटना के समय घर में परिवार के कई सदस्य मौजूद थे। अधिकारी ने बताया कि सात लोग मलबे में दबे हुए थे। पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के कर्मियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। मलबे में दबे सात लोगों के शव बरामद किए गए हैं। मृतकों की पहचान घर के मालिक नजीर अहमद पुत्र बहार दीन निवासी बद्दर, उनकी पत्नी वजीरा बेगम, बेटे बिलाल



अहमद, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद मुबारक और मोहम्मद वसीम के रूप में हुई है। नजीर अहमद के सभी पांच बेटे नाबालिग थे। जिला प्रशासन ने पहाड़ी और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों से भारी बारिश के दौरान सतर्क रहने और असुरक्षित इमारतों में रहने से बचने की अपील की है।

## जम्मू-कश्मीर: रामबन में बादल फटने से तबाही,4 की मौत एक लापता

एजेंसी

**जम्मू ।** जम्मू संभाग में बादल फटने से भारी तबाही मची है। इस घटना में अब तक चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक लापता बताया जा रहा है। प्रशासन और रेस्क्यू टीम ने इलाके में राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस घटना में हुई मौत पर दुख प्रकट किया है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर बचाव अभियान की जानकारी दी। लिखा, 'अभी-अभी रामबन के डीसी मोहम्मद अलयास खान से बात की। राजगढ़ क्षेत्र में बादल फटने से चार लोगों की दुखद मौत हो गई। पांचवां व्यक्ति लापता है और उसकी तलाश जारी है। इस बीच, कोई घायल नहीं हुआ है। बचाव अभियान जारी है। हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। मैं लगातार संपर्क में हूं।'

जम्मू संभाग को एक बार फिर प्राकृतिक आपदा का सामना करना



पड़ा है। रामबन जिले की राजगढ़ तहसील इलाके में बादल फटने से शुरुआत में तीन लोगों की मौत हुई थी, हालांकि बाद में यह संख्या बढ़कर पांच हो गई, जबकि एक लापता है। प्रशासन और रेस्क्यू टीमें मौके पर मौजूद हैं और राहत-बचाव कार्य तेज कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार तड़के राजगढ़ इलाके में बादल फटा, जिससे कुछ गांव चपेट में आ गए। इस घटना ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। तेज बहाव के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, कुछ पूरी तरह बह गए। बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर भेजे गए और लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है। इसके अलावा, पीड़ितों के परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। विस्थापित परिवारों को आश्रय देने और भोजन, पानी और बुनियादी चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी राहत शिविर भी स्थापित किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त टीमें तैनात की जाएंगी।रियासी जिले में भी बादल फटने के बाद मची तबाही में एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर जम्मू जाएंगे, बाढ़ से हुए नुकसान का करेंगे आकलन

एजेंसी

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हाल ही में आई भारी बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए 31 अगस्त और 1 सितंबर को दो दिवसीय जम्मू संभाग का दौरा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह हाल ही में आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए दो दिवसीय जम्मू का दौरा करेंगे। वह रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा और किश्तवाड़ का भी दौरा करेंगे। यह दौरा हाल ही में आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के उद्देश्य से होगा, जिसमें लगभग 130 तीर्थयात्रियों सहित लगभग 150 लोग मारे गए थे। केंद्रीय गृह मंत्री 31 अगस्त की शाम को जम्मू पहुंचेंगे और 1 सितंबर की शाम को केंद्र शासित प्रदेश की राजधानी लौटेंगे। इस यात्रा के दौरान उनके साथ गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक टीम भी होगी। 31 अगस्त की शाम को, वह जम्मू क्षेत्र में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राजभवन में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

सूत्रों ने बताया, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बैठक में शामिल होंगे और गृह मंत्री को क्षेत्र में हुए नुकसान, राहत/बचाव कार्यों और बुनियादी ढांचे की बहाली के बारे में जानकारी देंगे। भारी बारिश, बादल



फटने और भूस्खलन के कारण सड़कों, पुलों, घरों, दुकानों, फसलों सहित नागरिक संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है, रिहायशी इलाकों में पानी भर गया है, और माता वैष्णो देवी मंदिर और मचैल माता यात्रा बाधित हुई है। गृह मंत्री अमित शाह माता वैष्णो देवी मंदिर जाते समय अर्धकुंवारी में घायल हुए तीर्थयात्रियों से कटरा शहर के नारायण अस्पताल में मिलेंगे। इसके बाद वह किश्तवाड़ जिले के चशोती में बादल फटने और उसके बाद अचानक आई बाढ़ से हुए नुकसान का हवाई आकलन करेंगे, जहां 14 अगस्त को हुए भीषण बादल फटने में 65 लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हुए थे, जिनमें से ज्यादातर माता यात्रा के तीर्थयात्री थे। वह जम्मू जिले के कुछ स्थानों का भी दौरा करेंगे, जहां बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री 1 सितंबर की शाम को नई दिल्ली लौटेंगे। ऐसी उम्मीद जताई जा सकती है कि केंद्र सरकार आने वाले दिनों में प्रभावित लोगों और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के लिए एक बड़े राहत पैकेज की घोषणा कर सकती है।

## टीएमसी नेता यूसुफ पठान और ललितेश त्रिपाठी एक सितंबर को बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' में होंगे शामिल

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता यूसुफ पठान और ललितेश त्रिपाठी एक सितंबर को बिहार में आयोजित 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन चरण में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा 17 अगस्त को बिहार में यह यात्रा शुरू की गई है। इस यात्रा का समापन पटना में सोमवार को एक बड़े जुलूस के साथ होगा। टीएमसी सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने निर्णय लिया है कि एक सितंबर को होने वाली इस रैली में यूसुफ पठान और ललितेश त्रिपाठी तृणमूल कांग्रेस की ओर से शामिल होंगे। कांग्रेस और टीएमसी दोनों राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के घटक दल हैं। बिहार के सिवान में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि केंद्र की मोदी सरकार चुनाव आयोग की मदद से वोट चुराने में पकड़ी गई है और इसी वजह से भाजपा नेताओं में बेचैनी बढ़ गई है। विपक्षी दलों का आरोप है कि मतदाता सूची के प्रारूप से 65 लाख नाम हटाना लोगों के मताधिकार पर सीधा हमला है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव आयोग ने इन हटाए गए नामों की सूची 19 अगस्त तक प्रकाशित की थी और 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट भी दाखिल की थी।

## बिहार के लोग गाली-गलौज की भाषा बर्दाश्त नहीं कर सकते : ललन सिंह

एजेंसी

**पटना ।** बिहार में इस साल होने वाले चुनाव से पूर्व कथित वोट चोरी के विरोध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार महागठबंधन द्वारा निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा ने प्रदेश की सियासत को गर्म कर रखा है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इसे फर्जीवाड़ा की यात्रा बताया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस पीएम ने देश का मान दुनिया में बढ़ाया है, उनकी स्वर्गीय माता को इंगित करके गाली दी जा रही है। बिहार के लोग इस तरह की भाषा को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने राजद के शासनकाल को याद कराते हुए कहा कि जब तेजस्वी यादव के माता-पिता का



शासन था, 1990 से 2005 तक, तब लोग ऐसी ही भाषा का इस्तेमाल करते थे। इस भाषा ने यह साबित किया है कि ये लोग बिहार में फिर से उसी संस्कृति को वापस लाना चाहते हैं। इसे लेकर बिहार के लोग बहुत सजग हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के भाजपा द्वारा फेक नैरेटिव फैलाने के आरोपों को नकारते हुए उन्होंने कहा कि सही में तेजस्वी यादव और राहुल गांधी फेक नैरेटिव सेट करने में लगे हैं। संविधान की पुस्तक लेकर घूम रहे हैं। लोकसभा में संविधान की पुस्तक लेकर आते हैं। संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा है कि लोग अपनी नागरिकता साबित करें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता पर तो कई बार सवाल पहले ही उठ चुका है। वह तो अपनी नागरिकता पहले साबित करें। वे लोग खुद फर्जीवाड़ा कर रहे हैं और मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका कोई मतलब नहीं है।

## राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी सड़क दुर्घटना में घायल

एजेंसी

**राजसमंद।** भारतीय जनता पार्टी की नेता और राजसमंद से विधायक दीप्ति माहेश्वरी की गाड़ी शनिवार सुबह उदयपुर-राजसमंद हाईवे पर एक भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई है। यह हादसा देलवाड़ा थाना क्षेत्र में हाईवे पर सुरंग के पास हुआ।

बताया जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब विधायक अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद उदयपुर जा रही थीं। इस हादसे में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, उनके गनमैन और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही



स्थानीय लोगों और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायलों को उदयपुर के गीतांजलि अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विधायक के कंधे में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि अन्य घायलों की हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर नजर रख रही है। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। लेकिन, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्यों में जुट गई। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति भी बनी, जिसे बाद में पुलिस ने नियंत्रित किया।

## रेप केस में सजा काट रहे आसाराम ने अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने पर जोधपुर जेल में किया सरेंडर

एजेंसी

**जोधपुर।** नाबालिग से रेप के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम ने शनिवार, 30 अगस्त को जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया है। राजस्थान हाई कोर्ट ने 27 अगस्त को उसकी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसे यह कदम उठाना पड़ा। आसाराम को जनवरी 2025 में पहली बार 12 साल बाद अंतरिम जमानत मिली थी। उसने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत मांगी थी। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, आसाराम की तबीयत स्थिर है और उसे अस्पताल में भर्ती होने या लगातार चिकित्सा देखभाल की जरूरत नहीं है। अहमदाबाद के



सिविल हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि आसाराम ने पिछले कुछ महीनों में इलाज के लिए कई यात्राएं की हैं और विभिन्न शहरों के अस्पतालों में सलाह ली है, लेकिन किसी भी अस्पताल में नियमित फॉलोअप नहीं कराया है। कोर्ट ने आसाराम के वकील की उस दलील को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एम्स जोधपुर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्वास्थ्य में गिरावट की बात कही थी।

**बेटे से भी हुई थी मुलाकात**

अपनी करीब साढ़े सात महीने की जमानत के दौरान आसाराम ने 11 साल बाद अपने बेटे नारायण साईं से भी मुलाकात की थी। नारायण साईं 25 जून को सूरत जेल से जोधपुर स्थित आसाराम के आश्रम पहुंचे थे।

## मध्य प्रदेश बनेगा देश का पर्यटन हब : राज्य मंत्री लोधी

एजेंसी

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मध्य प्रदेश आने वाले समय में देश का पर्यटन हब बनेगा। यहां पर्यटन क्षेत्र के निवेशकों और हितधारकों के साथ पर्यटकों के लिए हर सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को देश का अग्रणी पर्यटन राज्य बनाने के लिए सभी ट्रैवल और टूर ऑपरेटर, होटलियर के साथ हितधारकों और विभाग को मिलकर काम करना होगा। राज्य मंत्री लोधी शुक्रवार देर शाम ग्वालियर में रीजनल टूरिस्म कॉन्क्लेव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के शुभारंभ अवसर पर महैर बैंड, बुंदेलखंड के नौरता लोकनृत्य और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लांगुरिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक जड़ें गहरी हैं। प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को टूरिस्ट पूरे विश्व से देखने आते हैं। अगर आप यहां निवेश करते हैं, हमारे पास सबसे बेहतर पॉलिसी है। हम निवेशकों को अच्छा इंसेंटिव दे रहे हैं। यह निवेश ग्वालियर-चंबल और सागर क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रसिद्ध अभिनेता फैसल मलिक ने कहा कि मध्य प्रदेश की खूबसूरत लोकेशन्स फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करती हैं। यहाँ के लोग फिल्म-फ्रेंडली हैं और कारण है कि मध्य प्रदेश आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद बन चुका है।



शासन-प्रशासन का सहयोग सराहनीय है। मध्य प्रदेश की विविधतापूर्ण और खूबसूरत लोकेशन्स फिल्म निर्माताओं को लगातार आकर्षित करती रही हैं। यही

मप्र टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध निदेशक बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य ग्वालियर की अमूल्य धरोहरों, संगीत और संस्कृति को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करना है। इस थीम के ज़रिए ग्वालियर को एक ऐसे पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है, जहां पर्यटक सिर्फ़ इतिहास और स्थापत्य को देखें ही नहीं, बल्कि यहां की धड़कन, रिवाज़, लोककला और परंपराओं को महसूस भी करें। इसका मक़सद है कि पर्यटन से ग्वालियर की पहचान मज़बूत हो, स्थानीय समुदाय को रोज़गार और नए अवसर मिलें, और आने वाली पीढ़ियां भी इस शहर की धरोहर पर गर्व कर सकें ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के दूसरे दिन शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण श्री राजर्षि राज का साईबर अपराधियों के विरूध्द कडा प्रहार,लगातार दूसरी बडी कार्यवाही

देश का दर्पण न्यूज
पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), जयपुर श्री राजर्षि राज, आईपीएस ने बताया की श्रीमान महानिदेशक पुलिस, साइबर काईम राजस्थान जयपुर द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराध प्रकरणों / परिवादो के त्वरित निस्तारण तथा साइबर जागरूकता के प्रसार हेतु साइबर अभियान "साइबर शील्ड' सम्पुर्ण राज्य में चलाया जा रहा हैं। राज्य में साइबर अपराधों का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा हैं तथा राज्य सरकार भी साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु काफी गंभीर हैं। भरसक प्रयास करने के उपरांत भी साइबर अपराधों में प्रभावी कमी नहीं हो पाई हैं, जिससे आमजन काफी पीड़ित हैं। अतः साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराध प्रकरणों / परिवादो के त्वरित निस्तारण तथा साइबर जागरूकता के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष अभियान 'साइबर शील्ड चलाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान अति० पुलिस उपायुक्त, जयपुर दक्षिण श्री ललित शर्मा आर०पी०एस० एवं श्री आदित्य काकडे आईपीएस, सहायक पुलिस आयुक्त, मानसरोवर के निर्देशन में श्री लखन सिह खटाना पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर दक्षिण, श्री राजेन्द्र गोदारा पु० नि० थानाधिकारी शिप्रापथ, श्री गुर भुपेन्द्र सिह पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना मुहाना एवं श्री लोकेश कुमार हैड कानि० साईबर सेल जयपुर दक्षिण की टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा साईबर फ्रॉड के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है।

कार्यवाही -1 पुंलिस थाना मानसरोवर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), जयपुर श्री राजर्षि राज, आईपीएस, ने बताया कि दिनांक 24.08.2025 को पुलिस कन्ट्रोल रूम, जयपुर शहर पर सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति का मानसरोवर, जयपुर दक्षिण ईलाके में अपहरण हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान अति० पुलिस उपायुक्त. जयपुर दक्षिण श्री ललित शर्मा आर०पी०एस० एवं श्री आदित्य काकडे आईपीएस, सहायक पुलिस आयुक्त, मानसरोवर के निर्देशन में श्री लखन सिह खटाना पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर दक्षिण, श्री गुर भुपेन्द्र सिह पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना मुहाना के नेतृत्व में पुलिस थाना मानसरोवर, जयपुर दक्षिण पर श्री मुकेश कुमार उ०नि०, नरेश कुमार 7775,



बहादूर सिंह कानि० पुलिस थाना मुहाना, रामलाल कानि0 9271, दामोदर कानि0 10868, विनोद कानि0 9897, चैनाराम कानि0 10081, सुन्दर यादव 9829 पुलिस थाना मानसरोवर, साईबर सैल, जयपुर दक्षिण से श्री लोकेश कुमार हैड कानि०, श्री रामसिह हैड कानि० की टीम द्वारा अविलम्ब प्राप्त सुचना की तस्दीक आरम्भ की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा अविलम्ब पुलिस कन्ट्रोल रूम से प्राप्त सुचना के आधार पर सुचनाकर्ता से सम्पर्क किया गया तो सुचनाकर्ता का फोन बंद मिला। जिस पर प्राप्त नम्बरों के संबंध में तकनीकी सहायता प्राप्त की जाकर उदयराज रेजीडेन्सी, मानसरोवर, पहुंचकर अपहरण की सुचना देने वाले लडके अनुज कुमार को दस्तयाब किया गया। अनुज कुमार से अपहरण के संबंध में विस्तृत जानकारी की गई तो अनुज कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से अपने जानकार मुकेश सिह के पास आया था, लेकिन वहा पर राकेश कुमार उर्फ हनी था। जिस कारण मैंने डर से पुलिस कन्ट्रोल रूम को झूठी सूचना दे दी थी। गठित पुलिस टीम द्वारा अविलम्ब प्राप्त सुचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये फ?लैट उदयराज रेजीडेन्सी से राकेश कुमार उर्फ हनी व मुकेश सिह को दस्तयाब किया गया तो तीनों के पास कुल 8 मोबाईल, 02 एटीएम कार्ड, 02 सीम कार्ड मिले। गठित पुलिस टीम द्वारा तीनों को दस्तयाब किया जाकर गहन अनुसंधान किया गया तो सामने आया कि राकेश कुमार उर्फ हनी पुलिस थाना सिंघाना, झून्झनू का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है तथा सोशल मिडिया पर हनी गैंग ऑपरेट करता है तथा मुकेश सिह आरोपी राकेश कुमार उर्फ हनी के लिए काम करता है, जो साईबर फोड हेतू किराये पर बैंक खाता उपलब्ध करवाने हेतू कार्य करता है। अनुज कुमार, मुकेश सिह के गांव का ही रहने वाला है तथा घटना दिनांक को आरोपी मुकेश सिंह को किराये पर बैंक खाते उपलब्ध करवाने हेतू आया था। तीनों आरोपीगण के मोबाईलों को चैक किया गया तो आरोपीगण द्वारा किराये पर बैंक खाते प्राप्त कर टेलीग्राम के माध्यम से साईबर फोड करने वाली गैंग को उपलब्ध करवाना सामने आया। आरोपीगण के मोबाईल फोन में मिले बैंक खातों की डिटेल को साईबर पोर्टल 1930 पर चैक किया गया तो इनके द्वारा वाट्सअप व टेलीग्राम पर भिजवाये गये बैंक खातों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों के अलग अलग पुलिस थानों में साईबर फोड की शिकायत रजिस्टर्ड होना पाया गया।

आरोपीगण के खिलाफ मुकदमा नम्बर 733/2025 धारा 318 (4), 316(2), 111(2) (बी), 61(2) बीएनएस एवं 66सी, 66डी आईटी एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान श्री गुर भुपेन्द्र सिंह पु०नि० थानाधिकारी, पुलिस थाना मुहाना, जयपुर दक्षिण द्वारा आरम्भ किया गया।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का जमशेदपुर दौरा, व्यापारियों और कार्यकताओं ने किया स्वागत

**भारत कोई धर्मशाला नहीं, घुसपैठियों को वोट का अधिकार नहींह्न झ संजय सेठ**



**रांची/जमशेदपुर/एजेंसी।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे। वे बिष्टुपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए, जहाँ शहर के व्यापारियों और भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

**कांग्रेस और घुसपैठियों पर कड़ा रुख**

पत्रकारों से बातचीत में संजय सेठ ने कहा कि बिहार में कांग्रेस मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर सवाल उठा रही है, जबकि बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारत में वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी आकर यहाँ बस जाए।

उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह वही पार्टी है जिसके नेता विदेश जाकर भारत की छवि खराब करते हैं।

**स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर पलटवार**

बिहार में प्रधानमंत्री के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने वालों पर संजय सेठ ने कहा कि माँ किसी की भी माँ होती है। प्रधानमंत्री के बारे में गलत बयान देना मतलब अपनी ही माँ का अपमान करना है। यह बेहद शर्मनाक है।

**व्यापारियों से स्वदेशी अपनाने की अपील**

संजय सेठ ने जमशेदपुर के व्यापारियों से ह्यस्वदेशी अपनानेह्न का आान किया। उन्होंने कहा कि रांची समेत पूरे राज्य में कई व्यापारी स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए आगे आ रहे हैं। हम अब विकसित भारत में रह रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चौतरफा विकास कर रहा है। हर क्षेत्र में भारत नई ऊँचाइयों को छू रहा है।

## ट्रंप को भारत पर लगाया गया टैरिफ वापस लेना ही पड़ेगा : स्वामी रामदेव

**हरिद्वार/एजेंसी।** योग गुरु स्वामी रामदेव ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ की आलोचना करते हुए इसे राजनीतिक आतंकवाद और तानाशाही करार दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की एक अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर रोक लगा दी है। अभी कुछ दिनों के अंदर कुछ और नए घटनाक्रम होंगे। आखिर में डोनाल्ड ट्रंप को ये टैरिफ वापस लेना ही पड़ेगा।



बाबा रामदेव ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका को चीन पर लगाए टैरिफ को वापस लेना पड़ा, उसी तरह अमेरिका को भारत पर भी लगाए टैरिफ को वापस लेना पड़ेगा। क्योंकि भारत भी बड़ा सामर्थ्यवान राष्ट्र है तथा चीन से कोई कम नहीं है।

हरिद्वार में श्री श्रीचंद भगवान की शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे बाबा रामदेव ने मीडिया से बात की और डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर कहा कि कुछ समय से टैरिफ के नाम पर टेररिज्म, एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद या फिर तानाशाही की जा रही है, वक्त आने पर इसका समाधान मिल जाएगा। उन्होंने कहा अमेरिकी प्रोडक्ट्स का बहिष्कार, स्वदेशी के सिद्धांत पर राष्ट्र को विकसित करने का संकल्प और राष्ट्र प्रथम की जो भावना है, वो ही इस देश को आगे लेकर जाएगी। आने वाले 10 से 15 सालों में पूरी दुनिया के मुकाबले भारत सबसे आगे होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने की बात कही है। वह भी इसी पर जोर दे रहे हैं।

# इंदौर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, घरों-गलियों में घुसा पानी, गणेश प्रतिमा बही

**भोपाल/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल में शनिवार को इस मानसून में तीसरी बार झमाझम वर्षा हुई। इंदौर में दोपहर दो बजे बाद इंदौर पर छाए बादलों ने गरज-चमक के साथ तेज बौछारों से तरबतर किया। शनिवार को हुई भारी वर्षा के कारण बीआरटीएस, रिंग रोड, सुपर कारिडोर, प्रजापत नगर सहित कई स्थानों पर जल जमाव हुआ और सड़कें लबालब हो गई। इसके कारण दो पहिया व चार पहिया वाहन भी सड़कों पर बंद हो गए और लोग परेशान हुए।

मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर में शनिवार को 3.1 इंच बारिश दर्ज की गई। रोबोट चौराहे के पास निचले इलाकों और घरों में भी पानी घुस गया। यशवंत सागर डैम के दो गेट खोले गए। इंदौर के प्रजापत नगर द्वारकापुरी के पास एक सार्वजनिक गणेश समिति का पंडाल गणपति प्रतिमा समेत बह गया। यहां एक कार भी बह गई। वहीं, खरगोन में डेढ़ इंच बारिश हुई। गुना में आधा इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। ग्वालियर, पचमढ़ी, रतलाम, बालाघाट, हरदा, श्योपुर, मंदसौर, धार में भी हल्की बारिश का दौर जारी रहा।

वहीं, बैतूल में गूगल मैप देखकर जा रहे कार सवार उफनती नदी में बह गए। गोताखोरों ने उन्हें बचाया। बड़वानी में राजघाट गांव सरदार सरोवर बांध में बैकवाटर में डूब गया। खरगोन में 24 घंटे में 6 इंच पानी गिर गया। नर्मदापुरम में शनिवार सुबह तवा डैम के 3 गेट खोले गए हैं। सभी गेटों को 3-3 फीट तक खोलकर करीब 15 हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। वर्तमान में डैम का जलस्तर 1164 फीट पर दर्ज किया गया है।

इंदौर की बात करें, शहर के पूर्वी हिस्से के मुकबाले पश्चिमी हिस्से पर मेघ ज्यादा मेहरबान हुए। एयरपोर्ट क्षेत्र में शाम 5.30 बजे तक तीन घंटे में 77.7 मिमी वर्षा हुई। वही रीगल क्षेत्र में शाम 7 बजे तक 52.25 मिमी वर्षा हुई। शनिवार को हुई भारी बारिश के साथ इंदौर में अगस्त माह की औसत वर्षा (303 मिमी) कोटे की भी भरपाई हुई। इस मानसून सीजन में अगस्त माह में ही औसत वर्षा का कोटा पूरा हुआ है। इंदौर में इस मानसून सीजन में अब तक 615 मिमी वर्षा हो चुकी है। 30 अगस्त तक मानसून सीजन की औसत वर्षा से 14 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। इंदौर में इस मानसून सीजन की औसत वर्षा का कोटा पूरा होने की लिए 314.4 मिमी वर्षा की दरकार है।

भोपाल स्थित मौसम केंद्र के विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में एक द्रोणिका बीकानेर कोटा होते सिवनी होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। वही दक्षिण मप्र ऊपरी हवा का घेरा बना हुआ। इंदौर में शनिवार को दोपहर एक बजे बाद गरज-चमक वाले घने बादल छाए। इसके कारण तेज बौछारों के साथ भारी वर्षा हुई।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में एक इनामी सहित चार नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा/रायपुर/एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के केरलापाल थानाक्षेत्र में सक्रिय एक इनामी सहित चार नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली केरलापाल थानाक्षेत्र में गोगुण्डा के जंगल पहाड़ी रास्ते में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से दो नग टिफिन आईईडी एवं विस्फोटक सामग्री को छिपा रखा था, जिसे वे मौके पर प्लांट करने के लिए आए थे। गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ थाना केरलापाल में मामला दर्ज कर आज उन्हें विशेष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत



किया गया जहां से सभी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 29 अगस्त को केरलापाल थाना से डीआरजी एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी सामसट्टी एवं आसपास क्षेत्र की ओर गस्त के लिए रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम सामसट्टी के पगडण्डी रास्ते के पास चार नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों में दो लाख का इनामी मुचाकी देवा (29), गोगुण्डा पंचायत मिलिशिया कमाण्डर निवासी गोगुण्डा पांतापारा थाना केरलापाल, मुचाकी गुट्टी उर्फ महेश गोगुण्डा (29), पंचायत डीएकेएमएस सदस्य निवासी गोगुण्डा इंतापारा थाना केरलापाल, सोड़ी हिड़मा (22), गोगुण्डा पंचायत मिलिशिया सदस्य, निवासी गोगुण्डा पांतापारा थाना केरलापाल एवं सोड़ी देवा (40), गोगुण्डा मिलिशिया सदस्य निवासी गोगुण्डा पांतापारा थाना केरलापाल जिला सुकमा शामिल हैं।

# बिहार कूच करेगी शंकराचार्य की गौभक्त सेना

## बिहार चुनाव में गौरक्षा के लिए पडेगा सनातनी हिन्दुओं का वोट



**मुम्बइ/एर्जेसी।** सनातन धर्म में गोहत्या महापाप है ।गोहत्या करने वाले को समर्थन देने वाले को भी यह पाप लगता है ।इसलिये सत्ता में आकर गोहत्या करने वाले राजनीतिक दलों को मत देकर उन्हें सत्ता में लाने वाले मतदाताओं को भी गोहत्या का पाप लग रहा है ।हिन्दुओं को इससे बचने और अपने मताधिकार का सही प्रयोग करने की आवश्यकता है ।हमारे शास्त्र हमें बताते हैं कि गोमाता सर्वदेवमयी है ।इनकी पूजा करने से ३३ करोड देवी-देवताओं की पूजा एक साथ हो जाती है ।इनका स्थान सर्वोपरि है ।तभी तो सनातन धर्म में देवता और गुरु के लिए नहीं,अपितु गोमाता के लिए पहली रोटी (गो-ग्रास) निकालने का नियम है।

उक्त उद्गार परमाराध्य परमधमार्धीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती १००८ ने मुम्बई के बोरीवली कोराकेन्द्र में आयोजित गोसंसद् के प्रदेश प्रभारियों की बैठक में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हमारे देश का यह भी गौरवपूर्ण इतिहास रहा है कि चक्रवर्ती सम्राट् दिलीप,भगवान राम और भगवान कृष्ण ने भी गोसेवा की है ।परन्तु बहुसंख्यक गो-पूजक सनातनियों के इस देश में आज गोमाता की हत्या हो रही है,जो हम सबके लिए कलङ्क है ।इसी कलङ्क को भारत की भूमि से मिटाने के लिए पूर्व में भी अनेक सन्तों ने गोरक्षा आन्दोलन किया था ।तब से अब तक अनेक सरकारें आयीं,लेकिन किसी ने भी गोहत्या बन्दी की उद्घोषणा नहीं की,बल्कि गोहत्या को बढ़ावा ही देती रहीं।

उन्होंने आगे नारा दिया कि "करे जो गोमाता पर चोट, हम कैसे दें उसको वोट ?"

हमारा धर्म हमें यह भी सिखाता है कि यदि हम गलत करने वाले का समर्थन करते हैं,तो हमें भी उस गलत कार्य को करने का पाप भोगना पडता है। यदि कोई सरकार गोहत्या कर रही हो और हम उसे वोट देकर अपना समर्थन देते हैं तो उसके द्वारा किये जा रहे गोहत्या का पाप हमें भी लगेगा। इसीलिए हम गोभक्त सनातनी हिन्दुओं से यह कहना चाहते हैं कि आप गोहत्यारी पार्टियों को अपना अमूल्य वोट देकर गोहत्या के महापाप के भागी न बनें। देश में होने वाले चुनाव में कौन-सी पार्टी कब सत्ता में आयेगी, यह कभी भी पहले से नहीं कहा जा सकता ।इसलिए आप सब यह स्पष्ट निर्णय कर लें कि जिस भी पार्टी की सरकार बने,उसे शपथ-ग्रहण करते ही सबसे पहला कार्य गोहत्या बन्द कराकर गाय को राष्ट्रमाता घोषित करना होगा। आपके द्वार पर जो भी वोट लेने आये,उनसे आप यह कह सकते हैं कि गोहत्या न करने का शपथ-पत्र लिखित रूप से देने पर ही वोट दिया जायेगा, ताकि आपको स्वयं गोहत्या का पाप न लगे।

ज्ञातव्य है कि परमाराध्य शङ्कराचार्य जी महाराज इस समय मुम्बई में चातुर्मास्य व्रत

# रांची पुलिस का 'ड्रंक एंड ड्राइव' पर शिकंजा

**रांची/एजेंसी।** राजधानी रांची के सुजाता चौक में शनिवार रात ट्रैफिक पुलिस, डेली मार्केट थाना प्रभारी पवन रजक और खेल गांव थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान चौक-चौराहों पर रुक-रुक कर आने-जाने वाले चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई।

**देर रात ड्राइवरों की सघन जांच**

रांची पुलिस की टीम ने मौके पर ब्रीथ एनालाइजर मशीन का इस्तेमाल कर वाहन चालकों की शराब पीकर गाड़ी चलाने की जांच की।

. कई वाहन चालकों को रोका गया और उनके लाइसेंस, वाहन दस्तावेज और फिटनेस भी चेक किए गए।

. नशे में वाहन चलाने वालों को सख्त चेतावनी दी गई और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान काटे गए।

. यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने अभियान के दौरान राहगीरों को भी जागरूक किया।

**सड़क सुरक्षा पर पुलिस का जोर**

थाना प्रभारी पवन रजक ने कहा कि रांची पुलिस सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।



ऐसे अभियान लगातार चलेंगे, ताकि सड़क हादसों पर रोक लगाई जा सके। इस संयुक्त अभियान के दौरान पुलिस की सक्रियता से वाहन चालकों में सतर्कता देखी गई।

देर रात तक पुलिस का कड़ा पहरा सुजाता चौक और आसपास के क्षेत्रों में जारी रहा। यह कदम सड़क हादसों की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था की दिशा में अहम माना जा रहा है। संदेश साफ है : नियमों का पालन करें, नशे में गाड़ी न चलाएं, वरना सीधे चालान और कानूनी कार्रवाई होगी!

## जयपुर पश्चिम के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त 24 वाहनो की खुली बोली के द्वारा निलामी

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद ने बताया कि श्रीमान पुलिस आयुक्त जयपुर आयुक्तालय के द्वारा मालखाना निस्तारण के संबंध राज्य सरकार व पुलिस मुख्यालय के द्वारा पुलिस थानो में खड़े वाहनो एवं मालखाना मदो का त्वरीत निस्तारण हेतु अभियान चलाया जाकर मालखाना निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के निर्देशन में श्री आलोक सिघंल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में जिला जयपुर पश्चिम से जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा जिला जयपुर पश्चिम के समस्त पुलिस थानो से एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्तशुदा वाहनो के निस्तारण हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी व गजट नोटिफिकेशन के अनुसार पत्रावली तैयार कर एनडीपीएस प्रकरणो में जब्तशुदा वाहनो की निलामी की विज्ञप्ति समाचार पत्र में प्रकाशित करवाया जाकर खुली बोली द्वारा पुलिस थाना झोटवाडा व विश्वकर्मा जयपुर पश्चिम पर दिनांक 29.08.2025 को पुलिस थाना झोटवाडा, करधनी, बगरू, भांकरोटा, कालवाड, करणीविहार, वैशाली नगर, विश्वकर्मा, हरमाडा, सदर के प्रकरणो में जब्तशुदा दुपहिया एवं चोपहिया वाहनो कुल 24 वाहनो की जिला स्तरीया कमैटी के द्वारा निलामी करवायी गई। निलामी में कुल 24 वाहनो को 28,58,900/- रुपए की कीमत में निलाम करवाये जाकर राजस्व प्राप्त किया गया।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में दस किलो के आईईडी को किया गया निष्क्रिय

**बिलासपुर/रायपुर/एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाए गए तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) को सुरक्षाबलों ने बरामद कर समय रहते निष्क्रिय कर दिया। यह बीजापुर के गोरना और मनकेली के बीच सड़क पर प्लांट किया गया था।

बीजापुर के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार शाम जानकारी दी कि आज डीआरजी बीजापुर, थाना बीजापुर और बीडीएस जवानों की टीम संयुक्त रूप से गोरना-मनकेली मार्ग पर डिमाइनिंग ड्यूटी पर निकली थी। सर्चिंग के दौरान जवानों को सड़क किनारे इलेक्ट्रिक तार दिखाई दी। शक होने पर इलाके को तत्काल घेराबंदी कर सघन तलाशी ली गई।

सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने स्टील के टिफिन बॉक्स में छिपाकर रखा गया करीब 10 किलोग्राम का शक्तिशाली आईईडी बरामद किया। यह आईईडी लगभग 70 से 80 मीटर लंबी बिजली की तार से जुड़ा था। बम निरोधक दस्ता की टीम ने सतर्कता पूर्वक विस्फोटक को सावधानीपूर्वक निष्क्रिय कर नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया।

## डिवाइडर तोड़कर 40 फीट दूर दुकान में घुसा कार

**धमतरी/एजेंसी।** तेज रफ्तार अनियंत्रित कार डिवाइडर तोड़कर सड़क को आरपार कर 40 फीट दूर दुकान में जा घुसा। हादसा में कार चालक को चोटें आई है। वहीं घटना स्थल के पास एक विद्युत पोल उखड़कर क्षतिग्रस्त हो गया। कार के सामने हिस्सा के परखच्चे उड़ गए। बैटरी का दुकान क्षतिग्रस्त हो गया।

सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 अगस्त की रात एक कार तेज रफ्तार से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक की ओर से अंबेडकर चौक की ओर जा रहा था, तभी गैरेज लाइन टर्निंग के पास इनोवा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को ठोकर मारते हुए एक बैटरी के दुकान में जा घुसा। बैटरी दुकान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा में कार के परखच्चे उड़ गए। ठोकर से कार में लगे एयरबैग खुल गए। इधर हादसा की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार के पास लगी भीड़ को हटाया।

पुलिस ने बताया कि कार चालक निजी अस्पताल में भर्ती अपने दोस्त से मिलने जा रहा था, इस दौरान हादसा हुआ है। कार में सवार युवक टर्निंग को समझ नहीं पाया और बड़ा हादसा हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि यह घटना दिन में होती तो कई लोगों को चपेट में ले सकती थी। गनीमत रही कि यह घटना रात में हुई और उस रोड पर कोई आना-जाना नहीं कर रहा था। हादसा के बाद घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

## विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से हाईवा में लगी आग, चालक की दर्दनाक मौत

**चतरा/एजेंसी।** सदर थाना क्षेत्र के बधार गांव के पास कोरचा गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। पत्थर (बोल्डर) से लदे एक हाईवा का डंपर हिस्सा (डल्ला) 11 हजार वोल्ट के विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया, जिससे हाईवा में आग लग गई। इस हादसे में चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई।

मृतक चालक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के संघरी गांव निवासी यूनुस खान (45 वर्ष), पिता अबुल रहमान, के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि यूनुस खान सदर थाना क्षेत्र के कामता गांव निवासी रिशु सिंह का हाईवा चला रहा था। वाहन का नंबर खल-13ऋ5845 है।

जानकारी के अनुसार, यूनुस खान हाईवा में पत्थर का बोल्डर लेकर नाली निर्माण कार्य के लिए कोरचा गांव गया था। जैसे ही उसने बोल्डर अनलोड किया, हाईवा का डल्ला ऊपर उठने पर पास से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आ गया। तार के संपर्क में आते ही वाहन में आग लग गई। चालक के बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और वह आग की लपटों में घिर गया।

हादसे में हाईवा पूरी तरह जल गया और वाहन को भी भारी क्षति हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## बिहार के लोग गाली-गलौज की भाषा बर्दाश्त नहीं कर सकते: ललन सिंह

**पटना/एजेंसी।** बिहार में इस साल होने वाले चुनाव से पूर्व कथित वोट चोरी के विरोध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार महागठबंधन द्वारा निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा ने प्रदेश की सियासत को गर्म कर रखा है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इसे फजीर्वाड़ा की यात्रा बताया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस पीएम ने देश का मान दुनिया में बढ़ाया है, उनकी स्वर्गीय माता को इंगित करके गाली दी जा रही है। बिहार के लोग इस तरह की भाषा को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने राजद के शासनकाल को याद कराते हुए कहा कि जब तेजस्वी यादव के माता-पिता का शासन था, 1990 से 2005 तक, तब लोग ऐसी ही भाषा का इस्तेमाल करते थे। इस भाषा ने यह साबित किया है कि ये लोग बिहार में फिर से उसी संस्कृति को वापस लाना चाहते हैं। इसे लेकर बिहार के लोग बहुत सजग हैं।

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के भाजपा द्वारा फेक नैरेटिव फैलाने के आरोपों को नकारते हुए उन्होंने कहा कि सही में तेजस्वी यादव और राहुल गांधी फेक नैरेटिव सेट करने में लगे हैं।

# वाणिज्यिक राज्य कर विभाग की प्रवर्तन शाखा की महत्वपूर्ण कार्यवाही

**जयपुर,30 अगस्त। मुख्य आयुक्त, वाणिज्यिक राज्य कर** विभाग श्री कुमार पाल गौतम द्वारा विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया था की राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की कर देयता का विश्लेषण कर यह सुनिश्चित करें कि इनके द्वारा अपनी टैक्स लायबिलिटी की उचित और सही रूप में अदायगी की जाए, जिससे राज्य को मिलने वाला राजस्व पूर्ण रूप से सुनिश्चित हो सके। मुख्य आयुक्त के दिशा-निदेशों की पालना में राज्य की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के कर अदायगी के पैटर्न का गहन विश्लेषण किया। इसी के अंतर्गत राज्य के एक प्रमुख सेक्टर कोचिंग/ ट्रेनिंग सेक्टर के विश्लेषण पर पाया कि इन संस्थानों द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं पर कर दायित्व का सही रूप से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। इन संस्थानों के द्वारा आपूर्ति का स्थान (प्लेस ऑफ सप्लाई) राजस्थान होने के बावजूद अन्य राज्यों में दशार्या जा रहा था जिसके कारण राज्य को मिलने वाले राजस्व का नुकसान हो रहा था। जबकि इनके द्वारा इन सेवाओं पर एसजीएसटी और सीजीएसटी का भुगतान किया जाने का उत्तरदायित्व था । इन संस्थानों के द्वारा गलत प्लेस ऑफ सप्लाई घोषित किए जाने से राज्य को मिलने वाले राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा था। राज्य के मुख्य आयुक्त के निर्देश पर 28 अगस्त को वाणिज्यिक राज्य कर विभाग की प्रवर्तन शाखा ने कोटा स्थित चार कोचिंग संस्थानों पर इन तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की। कार्यवाही में पाया गया कि गलत रूप से प्लेस ऑफ सप्लाई की घोषणा कर इन संस्थानों ने लगभग 93 करोड़ की सीजीएसटी और एसजीएसटी का दायित्व बनने के बावजूद कर नहीं चुकाया गया है। विभाग द्वारा अब इस राशि को वसूल करने के लिए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इसके अलावा राज्य की अन्य कोचिंग/प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा उचित कर अदायगी न करने पर नियमानुसार कार्यवाही द्वारा कर वसूली सुनिश्चित किए जाने का निर्णय लिया गया है। विभाग की इस कार्यवाही से सही प्लेस ऑफ सप्लाई की घोषणा और उचित कर अदायगी सुनिश्चित होने से हर माह लगभग 10 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

मुख्य आयुक्त ने बताया कि अन्य सेक्टर का भी गहन विश्लेषण किया जा रहा है, जिससे कर रिसाव रोकने और कम व उचित रूप से कर अदा नहीं करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## कांग्रेस सेवादल ने शहर में निकाली लोकतन्त्र बचाओ तिरंगा यात्रा




**सुरज वर्मा**
भीलवाड़ा ज़िले में 30 अगस्त सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में लोकतन्त्र बचाओ तिरंगा यात्रा का आयोजन आज शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन चौराहे स्थित अंबेडकर सर्कल से चारभुजा बड़ा मंदिर तक कांग्रेस सेवादल भीलवाड़ा त्रिदिवसीय जिला संगठनसृजन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत किया गया रेलवे स्टेशन चौराहे पर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा शुरू हुई जो शहर के मुख्य बाजार में गोल प्याऊ चौराहा ,गाँधी सर्किल ,गुल मण्डी ,सरार्फा बाजार होते हुऐ बड़े मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में कांग्रेसजन पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेंगे चोरों से ,मेरे देश का झंडा तिरंगा -नहीं चलेगा दो रंगा ,देश का बल सेवादल , वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुऐ दो - दो की पंक्तियों में चल रहे थे। शिविर संवाददाता चन्द्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि तिरंगा यात्रा में जोन प्रभारी मोहन हटेला ,संभाग प्रभारी विनोद दादा पाठक ,नगरनिगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक ,मनोज पूर्व सभापति मधु जाजू ,कैलाश सेन ,ईश्वर आदि मौजूद रहे

## ब्रजेश बने रालोमों के जिला महासचिव

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मालपुर गांव निवासी को बनाया गया राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला महासचिव। इस मौके पर लोगों ने दी शुभकामनाएं।

मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मालपुर गांव निवासी हरे कृष्णा प्रसाद सिंह के पुत्र ब्रजेश कुमार को वैशाली जिला के राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला महासचिव बनाया गया है। ब्रजेश विगत दश वर्षों से सामाजिक और राजनितिक कार्यकर्ता के रूप सतत कार्य करने पर इन्हें पद दिया गया है

इस मौके पर मनीष मंडल इंजीनियर मनोज कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह डॉक्टर आलोक कुमार कुशवाहा, बृजनंदन कुमार पप्पू आदि ने बधाई दी है।

## राज्य सरकार के स्किल्ड डवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से युवाओं के लिए हो रहा रोजगार सृजित-उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री

**जयपुर, 30 अगस्त।** राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री श्री के.के.विश्नोई ने शनिवार को जालोर जिले की भीनमाल पंचायत समिति की भालनी ग्राम पंचायत के नवनिर्मित भवन व अमृता देवी राजकीय पुस्तकालय का विधिवत रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भालनी में दो कक्षा-कक्ष मय हॉल का उद्घाटन व गौ माता चौक पर मूर्ति का अनावरण भी किया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री विश्नोई ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत व विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नव अवसर सृजित कर रही है। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के दौर में युवाओं को नवीनतम शिक्षा तकनीकों से अवगत कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बालिकाएं देश का भविष्य हैं अतः हमारा कर्तव्य बनता हैं कि हम उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाएं जिससे देश सशक्त बने। समारोह में सांसद श्री लुम्बाराम चौधरी ने राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आमजन के हितों के लिए कृतसंकल्पित है तथा किसानों व गरीबों के हितों के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

## शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री रहे भीलवाड़ा जिले के एकदिवसीय दौरे पर, सुविचार अभियान संगोष्ठी में व्यक्त किए विचार-

**जयपुर, 30 अगस्त।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर शनिवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहे । श्री दिलावर आरसीएम वर्ल्ड में आयोजित सुविचार अभियान के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान श्री दिलावर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ग्राम प्रधान व्यवस्था है और गांव हमारे आदर्श समाज की एक इकाई है। उन्होंने कहा कि औद्योगिकीकरण के कारण गांव की व्यवस्था कमजोर हो रही है। हमें प्रकृति और विज्ञान के बीच संतुलन बनाना होगा। उन्होंने भारत की विविधतापूर्ण जलवायु के संरक्षण पर बल दिया। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि हमें पर्यावरण को बचाने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है। जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने समारोह में जल, जंगल और जमीन के पर्यावरण-अनुकूल उपयोग के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही, उन्होंने जिले में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यो के बारे में भी चर्चा की।

**शिक्षा मंत्री ने जिले में पदस्थापित शिक्षा अधिकारियों से किया संवाद**

सुविचार अभियान संगोष्ठी के पश्चात श्री दिलावर ने जिले में शिक्षा विभाग द्वारा नगर निगम सभागार में आयोजित शिक्षा अधिकारियों के संवाद कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षकगण को देश को श्रेष्ठ नागरिक देने का स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य का निर्माण शिक्षकों के हाथ में है, वे अपनी जिम्मेदारी को सजगता से निभाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं शिक्षक अपने कर्तव्यों का अनुशासन से पालन करे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उद्बोधन के पश्चात श्री दिलावर ने जिले में कार्यरत प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के साथ विभिन्न नवाचारो के बिंदुओं पर उनके विचार आमंत्रित करते हुए संवाद किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अरुणा गारू ने शिक्षा के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया।

## दलित छात्र के साथ नशे में चूर दो आरोपियों ने गलत की हैवानियत

**देश का दर्पण .दैनिक अखबार पत्रकार..राकेश कोठेनिया हलेना अलवर..** खेड़ली गंज के गांव में छठी कक्षा में पढ़ने वाले 11वर्षीय दलित छात्र के साथ नशे में चूर दो आरोपियों ने की हैवानियत अलवर जिले के थाना खेड़ली गंज इलाके के गांव पीपलखेड़ा का है मामला

दलित बच्चे के साथ शराब के नशे में चूर दो लोगों द्वारा सड़क पर मारपीट एवं थूक चटवाने के साथ

**दुष्कर्म करने का किया प्रयास**

इस घटना को लेकर परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ खेड़ली थाने में मामला दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही करने की मांग

## सोनू सूद करेंगे स्टार प्लस के नए शो संपूर्णा का ट्रेलर लॉन्च

**जित मुम्बईः-** स्टार प्लस, जो दमदार और इमोशनल कहानियों के लिए जाना जाता है, अब टीवी दर्शकों के लिए एक और दिलचस्प शो 'संपूर्णा' लेकर आ रहा है। यह एक फिक्शन ड्रामा है। इससे जुड़ी सबसे खास बात यह है कि इस शो का ट्रेलर ओर कोई नहीं बल्कि बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद लॉन्च करेंगे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सोनू ने लिखा, ह्लगणेश चतुर्थी की खुशियों और रंगों में यह भूल जाना आसान है कि हमारे आस-पास कई महिलाएं हर दिन लड़ाइयाँ लड़ रही हैं, लड़ाइयाँ जो उन्हें कभी नहीं लड़नी चाहिए थीं। इस ट्रेलर ने मुझे हिला दिया, क्योंकि यह सिर्फ एक कहानी नहीं... बल्कि हमारे समाज का आईना है। अगर इस साल एक ही प्रार्थना मैं बप्पा से करना चाहता हूँ, तो यह कि वे हर महिला के जीवन से ये विघ्न हटा दें।ह्व उन्होंने आगे बताया कि यह नाम का एक प्रभावशाली नया शो है, जो पर आने वाला है। यह कहानी देखी, महसूस की और जानी जानी चाहिए। यह शो 8 सितंबर से हर दिन शाम 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। सोन सूद एक ऐसे एक्टर हैं जो हमेशा ऐसी कहानियों का हिस्सा बनना पसंद करते हैं, जो सिर्फ एंटरटेन नहीं करतीं बल्कि समाज और इंसानियत के मुद्दों पर भी रोशनी डालती हैं। उनकी हमेशा से कोशिश रहती है कि वह आम आदमी की रोजमर्रा की मुश्किलों को समझें और उनकी यही कोशिश उन्हें संपूर्ण जैसे शो के ट्रेलर से पर्दा उठाने के लिए एकदम सही अभिनेता बनाती है। शो के ट्रेलर हमें मिट्टी नाम की महिला की जिंदगी को करीब से देखने मिलता है। अपनी सात साल की शादी को अच्छे से निभा रही पत्नी और एक चार साल के बेटे की मां के रूप में उसे देख उसकी जिंदगी एकदम सही लगती है। लेकिन अक्सर चीजें जैसी दिखती हैं वैसी होती नहीं, मिट्टी की जिंदगी एक पल में बदल जाती है, जब एक खबर में उसे पता चलता है कि उसके पति डॉ. आकाश किसी मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, आकाश खुद को बेकसूर बताता है, यह भी कहता है कि इस पूरे मामले में उसे फंसाया जा रहा है। शुरूआत में नयना नाम की एक अकेले रहने वाली बेफिक्र लड़की के बारे में बताया जाता है, जिसकी प्यार की चाह कहानी में उतार चढ़ाव पर्दा करती है।

ऐसे में अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों वह एक इज्जतदार डॉक्टर पर इतना गंभीर आरोप लगाएगी? और इस खुलासे से कौन-सी छिपी हुई सच्चाइयाँ सामने आएंगी?

सोनू सूद जैसे जाने माने अभिनेता द्वारा ट्रेलर लॉन्च में शामिल होना आपने आप में शो की दमदार कहानी पर रोशनी और प्रभाव को ही बढ़ाता है। समाज और महिलाओं की कहानियों को समझने और सही मुद्दों पर काम करने के लिए जाने जानें वाले सोनू सूद का सपोर्ट यह बताता है कि संपूर्णा सिर्फ एक और टीवी ड्रामा नहीं है, बल्कि यह उन कई महिलाओं की असली जिंदगी की चुनौतियों को दिखाता है जो अक्सर बंद दरवाजों के पीछे रहती हैं। उनका सपोर्ट शो के संदेश को और मजबूत बनाता है और संपूर्णा को देशभर के दर्शकों के दिल को छूने के लिए तैयार करता है। देखें नया शो संपूर्णा, 8 सितंबर से, हर दिन शाम 7:30 बजे, सिर्फ स्टार प्लस पर।

## एक राष्ट्र एक चुनाव' से देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनीति में आएगा आमूलचूल परिवर्तन:— सुनील बंसल

**जयपुर 30 अगस्त 2025।** एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के तहत राजधानी जयपुर में शनिवार को राज्य स्तरीय छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया। वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में आयोजित छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं अभियान के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सुनील बंसल ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को जन आंदोलन बनाते हुए अधिक से अधिक संख्या में इसका समर्थन करना है और मुझे पूर्णतया विश्वास है कि देश की युवा शक्ति,छात्रशक्ति इसे प्रमुखता से करेगी। बंसल ने युवाओं से आह्वान किया कि एक चुनाव अभियान का प्रस्ताव जन जन से पास करवाना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में सहयोग करना है। एक राष्ट्र एक चुनाव के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सुनील बंसल ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव तो आएगा ही साथ में देश विकास की नई इबारत लिखेगा। उन्होंने बताया कि देश में 1951–52 से 1967 तक चार आम चुनाव एक साथ करवाए गए, इसके बाद राजनीतिक लाभ के लिए इंदिरा गांधी ने देश की राजनीति में अस्थिरता ला दी।

## वन मंत्री संजय शर्मा ने किया बालोतरा जिले के कल्याणपुर डोली अराबा क्षेत्र का दौरा

**जयपुर, 30 अगस्त।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा ने शनिवार को बालोतरा जिले के कल्याणपुर डोली अराबा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रदूषित जल से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। श्री शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक कार्ययोजना बनाई जाएगी। उन्होंने जोधपुर और पाली से आ रहे प्रदूषित पानी को रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए। वन मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बिना ट्रीट किए पानी को नदी-नालों में छोड़ने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी इकाइयों की पहचान कर उन पर तुरंत रोक लगाई जाए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक नई योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले पानी को ट्रीट करके उसका उपयोग पौधों की सिंचाई के लिए किया जाएगा।

## गृह रक्षा विभाग ने आयोजित किया दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार महानिदेशक मालिनी अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ ड्रोन प्रशिक्षण और कल्याणकारी योजनाओं पर मंथन

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

**गृह** रक्षा विभाग राजस्थान ने 28 और 29 अगस्त 2025 को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, फतेहपुरा (बेगस) में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य गृह रक्षा स्वयंसेवकों की समस्याओं का समाधान करना और कल्याणकारी योजनाओं पर विचार-विमर्श करना था। इस सेमिनार की अध्यक्षता महानिदेशक श्रीमती मालिनी अग्रवाल ने की। इसमें अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस पी. रामजी, महानिरीक्षक पुलिस संदीप चौहान और निदेशक सी.टी.आई. बिजेन्द्र सिंह सहित विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रमुख बिंदु और चचाएं

बैठक में गृह रक्षा स्वयंसेवकों की ड्यूटी को और अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए एचडीएमएस (ल्रुव्टर) नामक एक ऑनलाइन पोर्टल पर चर्चा की गई। इस पोर्टल के माध्यम से स्वयंसेवकों को उनकी ड्यूटी की जानकारी समय पर और सटीक रूप से मिल सकेगी।

2.ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण वर्तमान समय में तकनीक के महत्व को देखते हुए, सेमिनार में ड्रोन संचालन का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन, निगरानी, सुरक्षा और बचाव कार्यों में ड्रोन तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

3.कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा सेमिनार के दौरान स्वयंसेवकों की समस्याओं के निवारण और कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। अपने संबोधन में महानिदेशक श्रीमती अग्रवाल ने कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन पर विशेष जोर दिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयंसेवकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। यह बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## हवाई सेवाओं की नई उड़ान, विकास के सफर पर राजस्थान

**जयपुर, 30 अगस्त।** अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्मारकों के लिए प्रसिद्ध राजस्थान हर साल लाखों पर्यटकों का स्वागत-सत्कार कर ह्यपधारो म्हारे देशह्व की अपनी परम्परा को साकार कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में हो रहे हवाई सेवाओं के विस्तार से राज्य के पर्यटन और आर्थिक विकास को नई दिशा मिली है। हवाई सेवाएं केवल पर्यटकों को ही नहीं, बल्कि व्यापारियों, निवेशकों और छात्रों को भी राज्य से जोड़ती हैं, जिससे राजस्थान व्यापार और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 19 अगस्त को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति द्वारा 1 हजार 507 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से कोटा-बूंदी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा विकसित करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ए.ए.आई) के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

## चोरी करते दो किशोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर पुरा गांव से चोरी करते दो किशोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने के बाद दोनों किशोर को न्यालय में प्रस्तुत किया जहां से दोनों किशोर को बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों किशोर के पास से 370 रुपए नगद, एक टीन का बक्सा एवं 7 मंहगी सिगरेट का डब्बा बरामद किया।

मिली जानकारी के अनुसार पातेपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर पुरा गांव निवासी स्वर्गीय सुबेलाल साह के पुत्र गणौर साह के आवासीय परिसर स्थित छोटे से गुमटी नुमा दुकान में शनिवार की अहले सुबह परोस गांव मुसापुर गांव का दो किशोर चोरी करते पकड़ा गया स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों किशोर को पकड़ कर पुलिस को सुचना दी गई सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची एवं दोनों किशोर को अपने कब्जे में लेकर थाने लाकर उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के बाद उसे न्यालय में प्रस्तुत किया गया जहां से दोनों किशोर को बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है।

## रामनाथ पटेल हम के बने प्रखंड अध्यक्ष



**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मौदह चतुर गांव निवासी पूर्व उप प्रमुख सह निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष को पातेपुर हम के प्रखंड अध्यक्ष बनाए गए है। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के एन डी ए कार्यकताओं ने दी शुभकामनाएं। मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मौदह चतुर गांव निवासी पूर्व उप प्रमुख सह निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष रामनाथ पटेल को हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.)के पातेपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। उनके पातेपुर प्रखंड क्षेत्र में राजनितिक कुशलता को लेकर इस पद प्रदेश स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया है। इस मौके जद यू प्रखंड अध्यक्ष मुखिया दिलीप कुमार, अजब लाल साह, पैक्स अध्यक्ष हरि शंकर सिंह, प्रभास कुमार,संजीव कुमार, दीपक कुमार, अनिल सिंह, मुरारी मिश्र पूर्व मुखिया इंजीनियर मनोज कुमार, मदन कुमार रामजी सिंह जोगिंदर सिंह, कृष्णमोहन सिंह उर्फ गोरख सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, राजेश कुशवाहा, समेत प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

## वन मंत्री ने जोधपुर में ली वन एवं पर्यावरण तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक



**जयपुर, 30 अगस्त। वन,** पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित न रहे बल्कि पौधों की देखभाल एवं संरक्षण को भी प्राथमिकता बनाना होगा। पौधारोपण तभी सार्थक है जब वे वृक्ष बनकर पीढ़ियों तक पर्यावरण और समाज को लाभ पहुंचाएँ। इसलिए लगाए गए प्रत्येक पौधे का जीवन सुरक्षित करना हमारी साझा जिम्मेदारी है।श्री शर्मा शनिवार को जोधपुर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में जोधपुर एवं फलौदी जिले के वन एवं पर्यावरण विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल भी उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि रीको, जेडीए एवं नगर निगम की ड्रेनेज व्यवस्था में जवाबदेही तय की जाए। जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित हो।

**हरियालो राजस्थान अभियान - संरक्षण पर विशेष बल-**

श्री शर्मा ने जिले को मिले पौधारोपण लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पौधों के रखरखाव की नियमित मॉनिटरिंग करने और त्रिस्तरीय मूल्यांकन प्रणाली को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को विद्यालय स्तर पर विशेष पहल करने और पौधारोपण संबंधी डाटा पोर्टल पर समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने 2024-25 एवं 2025-26 की बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने वन क्षेत्र में ऐतिहासिक महत्व के भवनों के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन को बढ़ावा देने वाले विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का अजमेर दौरा

**अजमेर/जयपुर, 30 अगस्त।** मुख्यमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अजमेर के मुहामी गांव पहुंचे तथा जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत के पिता श्री सूरज सिंह रावत के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. सूरज सिंह रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री सुरेश सिंह रावत एवं समस्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भड़ाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजस्थान कारागार विभाग में बड़ा फेरबदल, 34 अधिकारियों का पदस्थापन व पदोन्नति आदेश जारी

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता** सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान सरकार ने कारागार विभाग में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। शनिवार को जारी आदेश में कुल 34 अधिकारियों का पदस्थापन व पदोन्नति की गई है। इसमें जेल अधीक्षकों, उप अधीक्षकों और जेलरों को नये पदों पर नियुक्त किया गया है।

डीआईजी स्तर पर बदलाव

मोनिका अग्रवाल को डीआईजी जेल रेंज जयपुर से डीआईजी जेल मुख्यालय जयपुर, सुमन मालीवाल अधीक्षक सेंट्रल जेल बीकानेर को पदोन्नति पर डीआईजी जेल रेंज जयपुर, अधीक्षक सेंट्रल जेल कोटा राजेन्द्र कुमार को पदोन्नति पर डीआईजी जेल रेंज उदयपुर, अधीक्षक सेंट्रल जेल जयपुर राकेश मोहन शर्मा को पदोन्नति पर डीआईजी जेल रेंज जोधपुर पदस्थापित किया गया है।

**सेंट्रल जेल अधीक्षक स्तर पर पदस्थापन**

पदोन्नति पर आर अनंतेश्वर को अधीक्षक सेंट्रल जेल अजमेर, शिवेंद्र कुमार शर्मा को सेंट्रल जेल अलवर, प्रमोद सिंह को सेंट्रल जेल जयपुर, भैरु सिंह राठौड़ को सेंट्रल जेल कोटा, महावीर प्रसाद मीणा को सेंट्रल जेल श्रीगंगानगर और प्रशासनिक आधार पर अभिषेक शर्मा को सेंट्रल जेल बीकानेर नियुक्त किया गया है।

जिला जेल अधीक्षक स्तर पर बदलाव

प्रशासनिक आधार पर वैभव भारद्वाज को अधीक्षक जिला जेल जयपुर, पदोन्नति पर निरंजन शर्मा को जिला जेल झालावाड़, नरेंद्र स्वामी को जिला जेल चित्तौड़गढ़, योगेश तेजी को जिला जेल हनुमानगढ़, जयवर्धन सिंह को जिला जेल टोंक, पृथ्वी सिंह कविया को जिला जेल बारां, पारस मल को विशेष सेंट्रल जेल श्यालावास, श्रीमती सम्पति को जिला जेल सवाई माधोपुर, इन्द्र कुमार को जिला जेल सीकर, सुरेश मीणा को जिला जेल बांसवाड़ा, सौरभ स्वामी को जिला जेल प्रतापगढ, सुमन कुमारी मीणा को जिला जेल धौलपुर और शैलेन्द्र फौजदार को अधीक्षक जिला जेल भीलवाड़ा नियुक्त किया गया है।

उप अधीक्षक स्तर पर पदोन्नति

प्रशासनिक आधार पर श्रीमती मुक्ति यादवंशी उप अधीक्षक जिला जेल दौसा को उप अधीक्षक महिला सुधारगृह जयपुर, पदोन्नति पर श्रीमती सरोज बिश्नोई जेलर महिला सुधारगृह जयपुर को उप अधीक्षक जेल मुख्यालय जयपुर, जेलर जगदीश प्रसाद पूनिया को जेल प्रशिक्षण संस्थान अजमेर, रोहित कौशिक को सेंट्रल जेल कोटा, रमाकांत शर्मा को जेल मुख्यालय जयपुर, राजेश योगी को जिला जेल चूरू, रामकिशन मीणा को जिला जेल करौली, राज महेन्द्र को जिला जेल नागौर, सुमेर सिंह गुर्जर को सेंट्रल जेल जयपुर, श्रीमोहन मीणा को सेंट्रल जेल उदयपुर और विल्सन शर्मा को पदोन्नति पर उप अधीक्षक जेल मुख्यालय जयपुर पदस्थापित किया गया है।

# विमुक्त जातियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : असीम अरुण

## भागीदारी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मा. मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली विमुक्त जातियों के उत्थान के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है। उनको शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। मुगल काल से ही उनके संघर्ष और देश के प्रति समर्पण को सम्मान देने के लिए सरकार 31 अगस्त को विमुक्त जाति दिवस के रूप में मना रही है।

यह जानकारी समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग 74वें विमुक्त जाति दिवस के अवसर पर 31 अगस्त को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि इस अवसर पर घुमंतू एवं विमुक्त जनजातियों के ऐसे



परिवार जो स्थायी जीवन अपनाने के इच्छुक हैं, उन्हें भूमि आवंटन, पट्टा वितरण किया जाएगा। इन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इसके साथ ही वित्तीय सहायता एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाएं जैसे जल, विद्युत, शौचालय, सड़क संपर्क आदि उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था में लाने के लिए लगातार काम हो रहा है। इस पहल से न केवल उनकी आवासीय समस्या का समाधान होगा बल्कि बच्चों की शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा एवं स्थायी आजीविका के अवसर भी सुनिश्चित होंगे।

कार्यक्रम में विमुक्त जातियों से संबंधित विकास योजनाओं एवं महापुरूषों की चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विमुक्त समुदाय से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# तृणमूल सांसद की गृहमंत्री पर टिप्पणी घोर निदंनीय : आदित्यनाथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर टिप्पणी की कड़ी आलोचना की है। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को एक्स पोस्ट में लिखा कि गृहमंत्री अमित शाह पर तृणमूल सांसद द्वारा की गई असंसदीय और आपत्तिजनक टिप्पणी अक्षम्य तथा घोर निंदनीय है।



तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों को प्रकट करती यह टिप्पणी भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करने वाले प्रत्येक भारतीय का अपमान है। तृणमूल कांग्रेस को इस अभद्र टिप्पणी के लिए अविलंब समूचे देश से माफी मांगनी चाहिए। एक वायरल वीडियो में सांसद मोइत्रा ने कहती दिख रही हैं कि घुसपैठ रोकना गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह विफल रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश के भदोही में अशिक्षित व्यक्ति के नाम एटीएम कार्ड जारी कराने के बाद खाते से पैसे निकाले

**भदोही** में जालसाजी का एक अनोखा मामला सामने आया है जिसमें एक अशिक्षित ग्रामीण व्यक्ति के बैंक से एटीएम कार्ड जारी कराने के बाद आरोपियों ने उसके खाते से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में शुक्रवार को सुरवाया थाने में पीड़ित हरिहर चौहान की शिकायत पर आरोपियों चित्रांश चौरसिया और दीपक सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय सहिंता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चौहान का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है, जिसमें उसने दो लाख रुपये जमा कर रखे थे। श्रीवास्तव ने कहा कि पढ़ा लिखा नहीं होने के कारण हरिहर ने कभी एटीएम कार्ड के लिए आवेदन नहीं किया। उन्होंने बताया कि हरिहर के खाते से 8 मई, 2025 से 11 मई, 2025 के बीच 15 बार में 1,98,400 रुपये निकाले गए। श्रीवास्तव ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि चौरसिया ने चौहान की तरफ से एटीएम कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था और स्थानीय डाककर्मी दीपक सिंह से मिलीभगत करके एटीएम प्राप्त किया। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

## औरैया में 1000 बोरी नकली डीएपी बरामद, तीन गिरफ्तार



**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में नकली खाद का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने शुक्रवार देर रात जालौन रोड स्थित एक मकान में छापेमारी कर करीब 1000 बोरी नकली डीएपी खाद बरामद की। मौके से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी एसडीएम औरैया, जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र वर्मा तथा पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई से खाद माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र वर्मा ने शनिवार को बताया कि जालौन रोड पर बने एक मकान में नकली डीएपी तैयार कर किसानों को बेचा जा रहा था। मौके से एक लोडर वाहन भी मिला, जिसमें 50 बोरी नकली खाद लदी थी और उसे बाजार में पहुंचाने की तैयारी थी।

गिरफ्तार आरोपितों से पुलिस पूछताछ कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश तेज कर दी गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसानों को नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी अवैध गतिविधियों को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे खाद केवल प्रमाणित दुकानों से ही खरीदें और रसीद अवश्य लें।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा घायल



**नोएडा ।** थाना सेक्टर 126 पुलिस ने शुक्रवार की देर रात को एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। यह बदमाश लूटपाट की वारदातें करता है। पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर 126 पुलिस शुक्रवार की देर रात को पुस्ता रोड सेक्टर 126 के पास बैरियर लगाकर चैकिंग कर रही थी, तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक बदमाश आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो वह रुकने की बजाए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाकर भागने लगा। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली रवि रंजन कुमार उर्फ बहादुर बादशाह पुत्र गजाधर निवासी जनपद नवादा बिहार के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि इसकी उम्र 37 वर्ष है। डीसीपी ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# विवाह प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता विवाह को अवैध नहीं बनाती : इलाहाबाद उच्च न्यायालय



**प्रयागराज / ब्यूरो।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में कहा है कि यह स्थापित कानून है कि विवाह प्रमाण पत्र, उस विवाह को साबित करने का एक साक्ष्य है लेकिन इस प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता विवाह को अवैध नहीं बनाती है।

इस टिप्पणी के साथ उच्च न्यायालय ने आजमगढ़ की परिवार अदालत के निर्णय को रद्द कर दिया।

निचली अदालत ने विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र पेश करने से छूट देने का याचिकाकर्ता का आवेदन खारिज कर दिया था। सुनील दूबे नामक एक व्यक्ति की रिट याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति मनीष निगम ने कहा कि जब हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार हिंदू विवाह संपन्न होता है, तब इस अधिनियम की धारा आठ(एक) के तहत विवाह के साक्ष्य के लिए राज्य सरकार को विवाह पंजीकरण के नियम बनाने का अधिकार है।

उच्च न्यायालय ने 26 अगस्त के अपने निर्णय में कहा, "लेकिन रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टि कराने में विफल रहने की वजह से विवाह की वैधता प्रभावित नहीं होती है। वैसे तो राज्य सरकार विवाह के अनिवार्य पंजीकरण के लिए नियम बनाती है,लेकिन पंजीकरण के अभाव में विवाह को अवैध घोषित करने का नियम नहीं हो सकता।"

मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता पति और प्रतिवादी पत्नी ने पारस्परिक सहमति से तलाक के लिए 23 अक्टूबर, 2024 को हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(बी) के तहत आवेदन दाखिल किया था।

आवेदन लंबित रहने के दौरान परिवार अदालत के न्यायाधीश ने चार जुलाई, 2025 को विवाह प्रमाण पत्र दाखिल करने के लिए 29 जुलाई, 2025 की तिथि निर्धारित की। याचिकाकर्ता ने इस अनुरोध के साथ एक प्रार्थना पत्र दिया कि पंजीकरण प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है और हिंदू विवाह अधिनियम के तहत विवाह का पंजीकरण कराने की अनिवार्यता नहीं है, इसलिए उसे विवाह प्रमाण पत्र दाखिल करने से छूट दी जाए। इस प्रार्थना पत्र का प्रतिवादी ने भी समर्थन किया। हालांकि, निचली अदालत ने 31 जुलाई, 2025 को याचिकाकर्ता का आवेदन खारिज कर दिया जिसके खिलाफ वह उच्च न्यायालय चला गया।

## सड़क हादसों में ट्रक चालक समेत दो की मौत




**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में ट्रक चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

थाना फेस तृतीय के प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने शनिवार बताया कि ग्राम गढ़ी चौखंडी निवासी देवेंद्र ने शुक्रवार रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बेटा अनुराग मौर्य (21) बीती रात घर के सामने सड़क पर खड़ी बाइक पर बैठा था। इसी दौरान एक टैंपो चालक बेटे को टक्कर मारकर भाग निकला। घायल बेटे को इलाज के लिए कैलाश अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

इसी तरह थाना कासना में जय ओम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका बड़ा भाई शाहजहांपुर निवासी हरिओम ट्रक चालक था। 28 अगस्त की रात को भाई मंगोलिया मार्केट क्लोजिंग प्राइवेट लिमिटेड का माल ट्रक में भरकर पलवल जा रहे थे। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के सिरसा कट के पास ट्रक में कुछ खराबी आ गई। इस दौरान सड़क किनारे वाहन को खड़ा किया और नीचे उतरकर ट्रक की जांच करने लगे। तभी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान भाई की अस्पताल में मौत हो गई। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## ट्रैवेल्स कार्यालय में आगजनी करने के पांच आरोपित गिरफ्तार, एनएसए की होगी कार्रवाई

**उरई।** उत्तर प्रदेश के उरई जिले में कालपी बस स्टैंड के पास स्थित शताब्दी ट्रैवेल्स के कार्यालय में शुक्रवार देर रात दो पक्षों के बीच विवाद के बाद आगजनी की घटना से तनावपूर्ण माहौल बन गया। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जबकि कई फरार आरोपितों की तलाश में छापेमारी जारी है। घटना में शामिल सभी आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा शनिवार को बताया कि शताब्दी ट्रैवेल्स के कार्यालय में बीती रात एक कपल बैठा था। इसी दौरान कुछ युवकों का एक समूह वहां पहुंचा और उन्होंने मोबाइल फोन से कपल का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच तकरार शुरू हो गई। तकरार बढ़ते हुए दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने ट्रैवेल्स कार्यालय में आग लगा दी, जिससे अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया। मारपीट और आगजनी की सूचना पर भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रण में करत हुए तहकीकात शुरू की।

एएसपी ने बताया कि इलाके में पुलिस ने पैदल मार्च किया। जांच के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ उरई कोतवाली में मारपीट, आगजनी और दंगा-फसाद जैसे मामले दर्ज किए गए हैं। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपितों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न इलाकों में छापेमारी की जा रही है। आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट और एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## मुठभेड़ में लुटेरे सगे भाई गिरफ्तार, तमंचे-कुंडल व बाइक बरामद



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद में थाना मीरगंज पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में लूट छिनैती की घटनाओं में शामिल दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पैरों में गोली लगी, जिन्हें पुलिस ने सीएचसी मीरगंज में भर्ती कराया।

एसएसपी अनुराग आर्य ने शनिवार को बताया कि बीती 26 अगस्त की शाम बदमाशों ने मीरगंज हाईवे पर महिला के कान से कुंडल छीन लिए थे। मामले की जांच में जुटी पुलिस को बीती रात नगरिया सादात मार्ग पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवारों ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल होकर गिर पड़े और उन्हें दबोच लिया गया। दोनों की पहचान सोहेल (25) व तसलीम (28) पुत्रगण सूखाअली निवासी ग्राम दियोरिया अतरौली थाना मीरगंज के रूप में हुई है।

पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि 8-9 महीने में साथी वाहीद अली के साथ बरेली जिले के कई क्षेत्रों में 27-28 वारदातें कर चुके हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, चार पीली धातु के कुंडल, दो मोबाइल फोन, 4580 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

एसएसपी ने बताया कि मुठभेड़ करने वाली पुलिस टीम में मीरगंज थाना प्रभारी प्रयाग राज सिंह, चौकी प्रभारी सूरजपाल सिंह समेत थाना पुलिस शामिल रहे। आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट व गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया जा रहा है।

## मनमानी तरीके से कार्य कराने का नगर पंचायत अध्यक्ष चायल के ऊपर लगा आरोप

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत अध्यक्ष चायल के खिलाफ विकास कार्यों में पक्षपात का किए जाने का आरोप लगा है। सभासदों का एक समूह एकत्रित होकर उपजिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुआ और ज्ञापन सौंपाकर नगर अध्यक्ष के कारनामें से अवगत कराया। सभासदों का आरोप है कि नगर अध्यक्ष द्वारा बिना किसी सभासद के सहमति लिए मनमाने ढंग से ई-टेंडर में प्रस्ताव तैयार किया जाता है। अध्यक्ष द्वारा किसी वार्ड में लाखों रूपए का विकास कार्य कराया जाता है तो किसी वार्ड में बिल्कुल ही विकास कार्य नहीं कराया गया। नगर अध्यक्ष के सह पर नगर के विकास कार्यों में ठेकेदार के द्वारा मनमानी करते हुए मनकविहीन कार्य कराया जाता है। अध्यक्ष द्वारा नगर क्षेत्र के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी की नीति अपनाई जाती है जिसके चलते सरकारी धन का दुरूपयोग हो रहा है। सरकारी धन का दुरूपयोग होने से नगर पंचायत क्षेत्र में विकास की गति धीमी पड़ गई है।

# बीएचयू में 200 से अधिक दृष्टिबाधित विद्यार्थी अध्ययनरत, पुस्तकें ऑडियो फार्मेट में तैयार

## कुलपति ने सयाजी राव गायकवाड़ केन्द्रीय ग्रंथालय के प्रयासों को सराहा

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू)में 200 से अधिक दृष्टिबाधित विद्यार्थी अध्ययनरत है। इन विद्यार्थियों के अध्ययन में परिसर स्थित सयाजी राव गायकवाड़ केन्द्रीय ग्रंथालय (लाईब्रेरी)बड़ा सहायक है।

ग्रंथालय में दृष्टिबाधित डिजिटल लाइब्रेरी सेवा इन छात्रों के लिए तैयार किया गया है। यहां किबो स्कैनर की मदद से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए पुस्तकों को ऑडियो फार्मेट में तैयार कर निःशुल्क उन्हें मुहैया कराया जाता है। इसके अंतर्गत अब तक कुल 600 से अधिक पुस्तकों को ऑडियो फार्मेट में तैयार किए जा चुके हैं। इसके साथ ही इन विद्यार्थियों को ब्रेल लिपि में पुस्तकों को भी प्रिंट कर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। यह जानकारी केन्द्रीय ग्रंथालयी डॉ. डी. के. सिंह ने कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुवेर्दी को दी।

ग्रंथालय में पहुंचे कुलपति ने यहां उपलब्ध सुविधाओं का शनिवार जायजा लिया। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. डी. के. सिंह ने यहां उपलब्ध ऐतिहासिक और दुर्लभ पाण्डुलिपियों के बारे में अवगत कराया।

इस दौरान कुलपति ने कहा कि केन्द्रीय ग्रंथालय विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों के बीच एक महत्वपूर्ण



कड़ी के रूप में कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थी सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में पुस्तकालय के प्रयासों और प्रगति की सराहना की।

उन्होंने सुझाव दिया कि तकनीक के वृहद इस्तेमाल से ग्रंथालय को और आधुनिक व विद्यार्थी अनुकूल बनाने पर कार्य करना होगा। कुलपति ने केन्द्रीय ग्रंथालय के पाण्डुलिपि अनुभाग में संरक्षित पांडुलिपियों का भी अवलोकन किया। अनुभाग के कंजरवेटर संजय कुमार ने कुलपति को ग्रंथालय में उपलब्ध विभिन्न ऐतिहासिक और दुर्लभ पाण्डुलिपियों के बारे में अवगत कराया।

कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुवेर्दी ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध दुर्लभ और समृद्ध साहित्यितक एवं शैक्षिक विरासत के बारे में दुनिया को पता चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्लभ कृतियों का कैटलॉग बीएचयू की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने से इसकी शुरूआत की जा सकती है ताकि देश-विदेश के शोधकताओं को इसकी जानकारी मिल सके। बताया गया कि विश्वविद्यालय में कुल 12,500 से अधिक पाण्डुलिपियां मौजूद हैं जिनमें से 7,281 पाण्डुलिपि केन्द्रीय ग्रंथालय में संरक्षित है।

केन्द्रीय ग्रंथालय में नवीनतम सुविधा आरएफआईडी की भी औपचारिक शुरूआत हो गई है। अब विद्यार्थियों को पुस्तकें निर्गत कराने और जमा करने के लिए लंबी पंक्तियों से निजात मिल जाएगी। केन्द्रीय ग्रंथालय में हर रोज सैकड़ों विद्यार्थी पुस्तकें जमा और निर्गत कराने आते हैं।

# हर घर जल हर घर नल योजना धराशायी, औरैया सदर ब्लाक का इकवालपुर गांव प्यासा

**औरैया।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल, हर घर नल का सपना उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के सदर ब्लाक में बिखरता नजर आ रहा है। सरकार की मंशा है कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे, लेकिन हकीकत यह है कि गांवों के लोग आज भी स्वच्छ जल के लिए तरस रहे हैं। सदर ब्लाक की ग्राम पंचायत अकबरपुर के गांव इकवालपुर इस योजना की असफलता की तस्वीर पेश कर रहा है।

गांव निवासी राकेश बाबू बताते हैं कि योजना शुरू हुए काफी समय हो गया, लेकिन आज तक एक बूंद पानी नलों से नहीं आया। वहीं अरविन्द बाबू का कहना है कि गांव की सभी आरसीसी गलियां जल निगम ने खुदवाई थीं, लेकिन काम अधूरा छोड़ दिया। अब तक किसी गली की मरम्मत तक नहीं की गई, जिससे आवागमन बेहद कठिन हो गया है।

ग्रामीण शालिल बाबू का कहना है कि डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी नलों से पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। ग्रामीण डोरी लाल ने आरोप लगाया कि जहां पीतल



की टोटी लगनी चाहिए थी, वहां जल निगम ने प्लास्टिक की टोटियां लगाकर खानापूर्ति कर दी। मान सिंह का कहना है कि पाइप लाइन तक पूरी नहीं डाली गईं, तो पानी की आपूर्ति कैसे होगी।

मिजाजी लाल ने बताया कि मजबूरी में गांव वाले आज भी इंडियामार्ट के नलकूप का पानी पी रहे हैं। कमल सिंह का कहना है कि अधूरे पड़े निर्माण कार्यों से गांव की गलियां गड्ढों में तब्दील हो गई हैं और बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। अरुण कुमार ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सिर्फ कागजों में है, धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आता। ग्रामीण सजेस कुमार ने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द पानी की टंकी से सप्लाई शुरू कराई जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके।

ग्राम प्रधान अंजलि ने भी जल निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कई बार अधिकारियों से पीतल की टोटियां लगाने और टूटी सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## वाहन लूट और चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिले की छावला थाना टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए हथियार के बल पर वाहन लूट और चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से एक अमेरिकी निर्मित पिस्तौल, एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, पांच चोरी की मोटरसाइकिल और एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। इस ऑपरेशन ने कुतुब विहार क्षेत्र में एक बड़े अपराध को अंजाम देने की साजिश को नाकाम कर दिया। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छावला थाना पुलिस ने हनुमान चौक, कुतुब विहार के पास जाल बिछाकर तीन अपराधियों शादिक, मंगा उर्फ मांगी और साहिल को पकड़ा, जो एक चोरी की केटीएम ड्यूक मोटरसाइकिल पर सवार थे। तलाशी में उनके पास से एक अमेरिकी निर्मित पिस्तौल, एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ और खुलासे के आधार पर उनके सहयोगी दिलीप को भी पुलिस ने दबोचा और चार अन्य चोरी की बाइक बरामद की। पूछताछ में पता चला कि शादिक सलेमपुर, बुलंदशहर का रहने वाला है। वह हाल ही में जेल से रिहा होकर बाहर आया था। अन्य आरोपितों के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं।

## गोकुलपुरी में मुठभेड़ के बाद हत्या के प्रयास के दो आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में उत्तर-पूर्वी जिले की गोकुलपुरी पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक आरोपित के पैर में गोली लगी, वहीं एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। पुलिस ने मौके से दो पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। उत्तर-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 20 अगस्त को इंद्रा विहार, चमन पार्क इलाके में मोहम्मद निजाम नामक युवक पर दो बदमाशों ने फायरिंग की थी। इस मामले में गोकुलपुरी थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से दोनों आरोपित फरार थे। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त की रात गश्त के दौरान कॉन्स्टेबल राहुल और मनीष ने एक मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की। पीछा करने पर एक आरोपित भाग निकला, लेकिन पुलिस ने फैजान (22) को दबोच लिया। उसके पास से एक पिस्टल और मोटरसाइकिल बरामद हुई। भागे हुए आरोपी की तलाश में पुलिस टीम ने सुबह करीब 4:30 बजे जोहरीपुर डबल पुलिया इलाके में दबिश दी। इस दौरान आरोपित सैकुल (23) ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। कांस्टेबल रोहित को धक्का देकर घायल करने के बाद उसने दोबारा फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सैकुल के पैर में गोली लगी।

## दिल्ली में एडमिशन फ्रॉड का बड़ा पर्दाफाश, दो आरोपित गिरफ्तार, 1.34 करोड़ बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिले की साइबर पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में चल रहे हाई-प्रोफाइल एडमिशन फ्रॉड सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक करोड़ 34 लाख 66 हजार रुपये नकद, छह मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है। आरोपित खुद को एडमिशन कंसल्टेंट बताकर मैनेजमेंट कोटा में दाखिला दिलाने का झांसा देते थे और बल्क एसएमएस सेवाओं के जरिए अभिभावकों तक पहुंचते थे। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह के अनुसार मामला तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस की एक महिला हेड कांस्टेबल को आईपी यूनिवर्सिटी में एडमिशन का एसएमएस आया। बातचीत के बाद सूरजमल कॉलेज में दाखिले के नाम पर उनसे 2.3 लाख रुपये ले लिए गए, लेकिन बाद में आरोपित फोन बंद कर और ऑफिस खाली कर फरार हो गए। पुलिस ने तकनीकी जांच और डिजिटल ट्रैकिंग से आरोपितों को गाजियाबाद के इंदिरापुरम से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कुशाग्र श्रीवास्तव (35) और चिन्मय सिन्हा (32) के रूप में हुई है। दोनों पेशेवर तरीके से अभिभावकों से करोड़ों की ठगी कर चुके हैं।

## दक्षिण एशियाई देशों के संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में मीडिया व शिक्षा की भूमिका पर व्याख्यान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म (डीएसजे) में दक्षिण एशियाई देशों के संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में मीडिया और शिक्षा की भूमिका विषय पर विशेष व्याख्यान माला के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेपाल के काठमांडू स्थित क्षेत्रीय सार्क शिक्षा केंद्र के जनसंपर्क अधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार ओपी यादव ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए। यादव ने कहा कि शिक्षा और मीडिया के आपसी सहयोग, सांस्कृतिक-शैक्षिक आदान-प्रदान और संवाद के माध्यम से दक्षिण एशियाई देशों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने महिला शिक्षा, भाषा के प्रौद्योगिकीकरण, रूढ़िवादिता को दूर करने और छात्र केंद्रित शिक्षण केंद्रों की स्थापना जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय का भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

# मुख्यमंत्री ने की हर महीने 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में हर माह 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की घोषणा की। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण और उनके उद्घाटन को लेकर मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अलावा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद जानकारी दी कि वैसे तो आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण के लिए 100 गज जमीन ही काफी है, लेकिन उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इससे भी बड़े साइज की सरकारी जमीनों को चिन्हित करें और वहां इनका निर्माण करें। उन्होंने कहा कि बड़े आकार के आरोग्य मंदिरों में बड़े हॉल आदि बनाए जाएं ताकि इमरजेंसी के हालात वहां बेड आदि की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि बड़े आकार के बनने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पार्किंग आदि की व्यवस्था भी की जा सके। हमारी सरकार पुराने प्राथमिक



चिकित्सा केंद्रों में यह आरोग्य मंदिर खोल ही रही है, साथ ही इन केंद्रों के लिए बड़े स्तर पर नई इमारतें भी बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिस तेज गति से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण चल रहा है, उसके आधार पर हमारी सरकार ने हर माह लगभग 100 आरोग्य मंदिर खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार के विभिन्न विभाग इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के लिए साथ-साथ मेडिकल व नॉन मेडिकल उपकरणों व अन्य सामान की भी खरीदारी कर रहे हैं ताकि इनके उद्घाटन के बाद किसी भी प्रकार की अड़चन पैदा न हो। संबंधित स्टाफ की नियुक्ति को भी प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने राजधानी में इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के परिचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद दिया और बताया कि दिल्ली सरकार को इस मद में केंद्र सरकार से 2400 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हो चुकी है, इसलिए इन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण व परिचालन मे किसी प्रकार की समस्या नहीं आने वाली। उन्होंने कहा कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था का इतना आधुनिक सेटअप रखा जा रहा है कि लोगों को सामान्य व मौसमी बीमारियों के लिए अस्पतालों में न जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली मे संचालित हो रहे 67 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और नए आरोग्य मंदिरों में 12 प्रकार की समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य और बुजुर्गों के लिए उपशामक देखभाल भी शामिल हैं।

## वोटर अधिकार यात्रा से घबरा गई है भाजपा - सुप्रिया श्रीनेत

एजेंसी

**पटना।** कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी 'वोटर अधिकार यात्रा' से घबरा गई है और इसीलिए हिंसा पर उतर आई है। कांग्रेस नेता का यह बयान उस वक्त आया है, जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में पटना स्थित कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम के बाहर प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कथित पथराव और तोड़फोड़ की गई बातचीत में कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा सत्य और मतदाताओं के अधिकारों के लिए एक शांतिपूर्ण संघर्ष है, जिसे साहस के साथ लड़ा जा रहा है। उन्होंने भाजपा पर हिंसा और नकारात्मकता फैलाने का आरोप लगाया। पटना में कांग्रेस के कार्यालय के बाहर हुई घटना का जिक्र किया। सुप्रिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए पथराव और तोड़फोड़ में उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को चोटें आईं, जिसमें सिर फटने की घटनाएं भी शामिल हैं। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा वोटर अधिकार यात्रा के बढ़ते जन समर्थन से घबरा गई है और इसलिए षड्यंत्र रच रही है।

सुप्रिया ने कहा कि कांग्रेस अहिंसा के मार्ग पर चल रही है और उनकी मुहिम रंग लाएगी। उन्होंने बिहार को क्रांतिवीरों की धरती बताते हुए कहा कि भाजपा हिंसा के जरिए बिहार की सांस्कृतिक गरिमा का अपमान कर रही है। वहीं पीएम मोदी पर हुई विवादित टिप्पणी पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि इन्हीं के एजेंट हमारी सभा में घुसकर गलत नारे लगाते हैं। फिर यही लोग इसे मुद्दा बनाते हैं, ताकि वोटर अधिकार यात्रा से लोगों का ध्यान भटकाया जा सके। ये घबराए हुए हैं और अब हमारे ऑफिस में गुंडागर्दी करने आ गए।

## दिल्ली में 'बदरिया : ए मॉनसून फेयरवेल फेस्टिवल' का आयोजन 1 सितंबर को

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मानसून की विदाई को एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाने के लिए दिल्ली में पहली बार 'बदरिया : ए मॉनसून फेयरवेल फेस्टिवल' का आयोजन किया जा रहा है। यह अनूठा उत्सव माता चकेरी देवी फाउंडेशन और दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति और भाषा विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें दिल्ली सरकार की मैथिली-भोजपुरी अकादमी सहयोगी भूमिका निभा रही है। यह कार्यक्रम 1 सितंबर 2025 को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में शाम 4 बजे से आरंभ होगा। यह जानकारी शुक्रवार दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि होंगी और कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही अन्य मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों को भी इस भव्य सांस्कृतिक उत्सव में आमंत्रित किया गया है।

फेस्टिवल में पद्मश्री मालिनी अवस्थी अपनी थुमरी, कजरी और

> इस फेस्टिवल के माध्यम से सावन-भादो के पारंपरिक गीत, लोक नृत्य और शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियां होंगी, जो शहरी दर्शकों को ग्रामीण जीवन, शिल्पकला और लोक परंपराओं से जोड़ेंगी।

अन्य लोक धुनों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। समृद्धि पाठक और सान्वी पाठक मैथिली लोकगीत गाएंगी, जबकि वाद्य यंत्रों पर रिम्पा शिव तबला, वैष्णवी जोशी बांसुरी और मेघा राउत सितार की प्रस्तुतियां देंगी। ये प्रस्तुतियां बिहार और उत्तर प्रदेश की लोक परंपरा और संगीत की गहराई को जीवंत करेंगी।

'बदरिया' की प्रेरणा भारतीय परंपरा में मानसून के सांस्कृतिक महत्व से ली गई है। कालिदास के 'मेघदूत' जैसे साहित्यिक कृतियों से लेकर लोक गीतों तक मानसून हमेशा खुशी, विरह और सृजन का प्रतीक रहा है। इस फेस्टिवल के माध्यम से सावन-भादो के पारंपरिक गीत, लोक नृत्य और शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियां होंगी, जो शहरी दर्शकों को ग्रामीण जीवन, शिल्पकला और लोक परंपराओं से जोड़ेंगी।यह उत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। दिल्ली जैसे व्यस्त महानगर में यह कार्यक्रम लोगों को प्रकृति, संगीत और परंपरा से जोड़ने का माध्यम बनेगा। आयोजकों का विश्वास है कि 'बदरिया' जैसे फेस्टिवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के नीचे 204.57 पर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे निशाने से नीचे 204.57 पर पहुंचा गया। पहाड़ी राज्यों में बारिश और हरियाणा के हथिनी कुंड बांध से लगातार पानी छोड़ जाने की वजह से यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 को पार करके 205.45 पहुंचा गया। इसके बाद गुरुवार की रात से यमुना का जलस्तर कम होना शुरू हो गया। यमुना का जलस्तरनौ बजे 204.65 रहा, जो शाम पांच तक घटकर 204.57 आ गया। हालांकि यमुना का जलस्तर अब भी चेतावनी के 204.06 स्तर से ऊपर है। दिल्ली सरकार के सभी विभाग 24 घंटे सतर्क रहकर काम कर रहे हैं। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। राहत और बचाव कार्यों के लिए 14 अहम जगहों पर पहले ही नावों की तैनाती की गई है। साथ ही यमुना का पानी मुख्य सड़कों तक न पहुंचे और ट्रैफिक प्रभावित न हो, इसके लिए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश सरकार ने दिए हैं। साथ ही सभी रेगुलेटर्स को पूरी तरह चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा डीएम ईस्ट के कार्यालय में जलभराव वाले इलाकों की हर समय निगरानी कर रहे हैं। साथ ही राहत और बचाव कार्य में इस्तेमाल होने वाले सभी उपकरणों की जांच पूरी कर ली गई है और संबंधित विभागों ने यमुना



पहले ही 'सेंट्रल फ्लड कंट्रोल रूम' की शुरुआत कर दी गई है। यह केंद्र अब पूरे दिल्ली के लिए एक केंद्रीय समन्वय केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है और सभी सिविक एजेंसियों के प्रतिनिधि यहां 24×7 तैनात हैं। इस साल शहर में सेंट्रल कंट्रोल रूम सहित 15 वायरलेस स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं, जो यमुना के जलस्तर सहित खादर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। उल्लेखनीय है कि 19 अगस्त को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंचा था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तब यमुना बाजार स्थित बाढ़ग्रस्त बस्ती में नंगे पांव बाढ़ के पानी में उतर गईं थीं।

## दिल्ली विवि ने दिया ग्रीन कैम्पस-क्लीन कैम्पस का संदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय में ग्रीन कैम्पस-क्लीन कैम्पस की शुरुआत की गई। इस अभियान में साउथ कैम्पस के आत्माराम के साथ श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के साउथ कैम्पस, आर्यभट्ट महाविद्यालय, रामलाल आनंद महाविद्यालय और मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय ने हिस्सा लिया। सभी महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के विद्यार्थी भी इसमें शामिल हुए।

अभियान की शुरुआत करते हुए दिल्ली विवि के कुलानुशासक प्रो. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह पर्यावरण और प्रकृति की दशा बिगड़ती जा रही है। ऐसे में सभी का यह फर्ज बनता है कि उन सभी कारणों को कम करने की ओर बढ़ें जो हमारे आसपास की अस्वच्छता का कारण है। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. योगेश सिंह के निर्देशानुसार यह आयोजन किए जा



रहे हैं। डीसीपी साउथ कैम्पस ऐश्वर्या सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि स्वच्छता और हरियाली हमारे स्वास्थ्य और भविष्य के लिए जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को वोट के अधिकार का महत्व बताते हुए कहा कि सभी को इसके प्रति सचेत रहना चाहिए और अपने वोट रूपी अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए।

आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ज्ञानतोष झा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीसी और एनएसएस समेत सभी के लिए राष्ट्र प्रथम है। आप अपने आसपास स्वच्छ रखेंगे तो हरियाली देखने को मिलेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के एनसीसी संयोजक मेजर प्रो. संजय कुमार ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह के निर्देशानुसार इस अभियान की पावन शुरुआत की गई है, जिसका नाम दिया गया है ग्रीन कैम्पस- क्लीन कैम्पस। स्वच्छता एक जीवनशैली है, इसे हम सभी को अपनाना होगा। एनसीसी कैडेट के रूप में हमारा कर्तव्य है कि अपने परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। यह पहल हमें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और उसे निभाने का अवसर देती है। रैली के दौरान दिल्ली विवि के ज्वाइंट प्राक्टर प्रो. कोटेश्वर राव, डिप्टी प्रॉक्टर डॉ. सौरभ, एआरएसडी के एनसीसी ऑफिसर कैप्टन प्रो. संदीप, लेफ्टिनेंट डॉ कामेश्वर प्रसाद शर्मा, लेफ्टिनेंट डॉ चन्द्रशेखर निषाद, आरएलएसी की सीटीओ साक्षी, एनएसएस ऑफिसर प्रो. कान्हाराम, डॉ अनुराग शर्मा, डॉ. गीता देवी, डॉ. संदीप कुमार, एसएचओ साउथ रवींद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री की मां लेकर जिस भाषा का प्रयोग किया गया वह निंदनीय है : भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता पर अमर्यादित भाषा के प्रयोग की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि बिहार में चल रही कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री की माता को लेकर जिस भाषा का प्रयोग किया गया वह निंदनीय है और कांग्रेस की मानसिकता को दिखाता है।वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बिहार में राहुल गांधी अपनी वोटर अधिकार यात्रा की ओर सबका ध्यान खींचने के लिए जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी की 100 वर्षीय दिवंगत माता के लिए जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया वह बहुत ही बेकार की राजनीति है। इसके लिए कांग्रेस और आरजेडी को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की माता जो हमारे बीच नहीं रहीं, उनके लिए कटुता भरे शब्दों का प्रयोग करना उस पार्टी के लिए शर्मनाक है जो अपने आप को भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब गाली-गलौच वाली पार्टी बन गई है, जिसे भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी। सचदेवा ने कहा कि बिहार एक ऐसा राज्य है जहां से नीतिवान चाणक्य और भगवान बौद्ध हुए। आज उस धरती से प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना गलत है और इसका जवाब बिहार की जनता आने वाले चुनाव में करारी हार के साथ कांग्रेस गठबंधन को देगी।

## भाजपा सांसदों ने विद्यार्थियों को 'खेलो इंडिया' की भावना को दिनचर्या में लाने के लिए किया प्रेरित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भाजपा सांसदों ने आज राष्ट्रीय खेल दिवस खेल प्रतियोगिताओं में पहुंचकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सांसदों ने विद्यार्थियों को 'खेलो इंडिया' की भावना को प्रत्यक्ष रूप से दिनचर्या में लाने के लिए प्रेरित किया। नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज राष्ट्रीय खेल दिवस पर केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, दिल्ली कैंट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उन्होंने यहां राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। स्वराज ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के साथ फिटनेस की शपथ ली, जिसमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सशक्त और भावनात्मक रूप से संतुलित जीवन जीने तथा परिवार एवं मित्रों को प्रतिदिन खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को एक घंटा खेल मैदान में सक्रिय सहभागिता 'खेलो इंडिया' की भावना को प्रत्यक्ष रूप से दिनचर्या में लाने के लिए प्रेरित किया। पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत



सहरावत ने आज अशोक नगर सर्वोदया बाल विद्यालय में महिला हॉकी लीग की शुरुआत कर अपनी लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। यह जानकारी उन्होंने एक्स पर साझा की। सहरावत ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बेटियों को खेल के मैदान से जोड़ना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। खेलों के माध्यम से न सिर्फ शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना भी मजबूत होती है। दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति और खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने यहां प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने बच्चों को खेल का महत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र के आह्वान पर स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की बात कही। बिधूड़ी ने प्रधानमंत्री मोदी के खेल, योग, जैविक खेती और तेल के कम प्रयोग से हर देशवासी को स्वस्थ रहने के संदेश को यहां बच्चों तक पहुंचाया।

## उप महापौर ने गिरि नगर में स्केटिंग पार्क के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने कालकाजी स्थित गिरि नगर में स्केटिंग पार्क के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को बेहतर मनोरंजन सुविधाएं प्रदान करना है। इस दौरान उपमहापौर जय भगवान यादव ने कालकाजी के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके साथ पार्षद एवं मध्य क्षेत्र की अध्यक्ष योगिता सिंह, दिल्ली भाजपा के कई नेता और दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उप महापौर ने क्षेत्र में स्वच्छता की स्थिति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को चल रहे दिल्ली की कूड़े से आजादी- महा स्वच्छता अभियान के तहत हर गली और कॉलोनी में सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यादव ने अवैध अतिक्रमण से संबंधित मुद्दों का संज्ञान लिया और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## गुरुग्राम स्पेशल कोर्ट का एसआरएस ग्रुप के भगोड़े प्रमोटरों के खिलाफ एक्शन, नोटिस जारी

एजेंसी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की विशेष अदालत (पीएमएलए) ने एसआरएस ग्रुप की विभिन्न कंपनियों के प्रमोटरों और निदेशकों (जितेंद्र कुमार गर्ग, सुनील जिंदल और प्रवीण कुमार कपूर) को नोटिस जारी किया है। विशेष अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओए), 2018 के तहत एसआरएस ग्रुप की कंपनियों के प्रमोटरों और निदेशकों को यह नोटिस जारी किया है।

ईडी के अनुसार, यह नोटिस धारा 4, एफईओए, 2018 के तहत दायर एक आवेदन के आधार पर जारी किया गया है, जिसमें इन आरोपियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने और उनके द्वारा नियंत्रित कंपनियों, सहयोगियों और उनकी 212.73 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को जब्त करने की मांग की गई है। एसआरएस ग्रुप रियल एस्टेट और वित्तीय व्यवसाय में सक्रिय था। इन प्रमोटरों पर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, संपत्ति का आपराधिक दुरुपयोग और आपराधिक साजिश जैसे अपराधों का आरोप है, जिसमें उन्होंने होमबायर्स, प्लॉट खरीदारों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को



ठगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा पुलिस, दिल्ली ईओडब्ल्यू और सीबीआई, नई दिल्ली द्वारा दर्ज लगभग 81 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। इन एफआईआर में भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत अनिल जिंदल, जितेंद्र कुमार गर्ग, सुनील जिंदल, प्रवीण कुमार कपूर और एसआरएस ग्रुप के अन्य निदेशकों तथा प्रमुख कर्मचारियों के खिलाफ आरोप लगाए गए थे। इन लोगों ने निवेश के नाम पर जनता और बैंकों से लगभग 2200 करोड़ रुपए की भारी राशि इकट्ठा की और हाई रिटर्न का वादा करके निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की। ईडी की जांच में मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में शामिल व्यक्तियों और कंपनियों की पहचान की गई। जांच में पाया गया कि जितेंद्र कुमार गर्ग, सुनील जिंदल और प्रवीण कुमार कपूर मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल थे, जिसके बाद 2022 में इस मामले में अभियोजन शिकायत दर्ज की गई। ईडी ने अपराध से प्राप्त संपत्तियों की पहचान की और अब तक इस मामले में 2215.98 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कुर्क किया गया है। ईडी की जांच से पता चला है कि तीनों आरोपी (जितेंद्र कुमार गर्ग, सुनील जिंदल और प्रवीण कुमार) भारत छोड़ चुके हैं, जो जॉर्जिया, दुबई और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रह रहे हैं। ये आरोपी आपराधिक मुकदमे का सामना न करने के लिए भारतीय न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहकर कानूनी प्रक्रिया से बच रहे हैं। सभी भगोड़ों के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट, लुकआउट सर्कुलर और रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। इससे पहले, 6 जून 2025 को विशेष अदालत ने उन्हें भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। वर्तमान में जितेंद्र कुमार गर्ग, सुनील जिंदल और प्रवीण कुमार कपूर को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने और उनकी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया गुरुग्राम की विशेष अदालत में चल रही है।

## अभाविप के संभावित उम्मीदवारों ने दिल्ली विवि में शुरू की प्री-कैंपेनिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के संभावित उम्मीदवार शुक्रवार से विभिन्न कॉलेजों में प्री-कैंपेनिंग के जरिए छात्रों से संवाद कर रहे हैं। इस संबंध में अभाविप दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने बताया कि यह प्री-कैंपेनिंग छात्रों के बीच संगठन की पिछले एक साल की उपलब्धियों को साझा करने और उनकी समस्याओं को समझने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का छात्रसंघ चुनाव छात्रों के लिए एक महापर्व है। इस दौरान उम्मीदवार कॉलेजों में जाकर अभाविप नीत डूसू के कार्यों को छात्रों तक पहुंचा रहे हैं, साथ ही उनकी अपेक्षाओं के आधार पर नई कार्ययोजना तैयार करने के लिए मसौदा बना रहे हैं। सार्थक शर्मा ने कहा कि प्री-कैंपेनिंग की शुरुआत हो चुकी है, जिसमें 11 संभावित उम्मीदवार विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में जाकर छात्रों से मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान वे डूसू के पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को बताने के साथ-साथ छात्रों की समस्याओं और जरूरतों को सुन रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से प्राप्त जानकारी के आधार पर संगठन एक नया मसौदा तैयार करेगा, जो छात्र हितों को ध्यान में रखकर भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह कैंपेनिंग नामांकन के दिन तक जारी रहेगी और 11 सितंबर को केंद्रीय पैनल के चार अंतिम उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। अभाविप का कहना है कि यह प्री-कैंपेनिंग न केवल संगठन की नीतियों को छात्रों तक पहुंचाने का माध्यम है, बल्कि यह छात्रों की आवाज को सुनने और उनकी अपेक्षाओं को समझने का भी एक मंच है। संगठन का दावा है कि उनकी नीतियां और कार्य योजनाएं छात्रों के बीच लोकप्रिय हैं और वे इस बार भी डूसू चुनाव में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, गुरुवार को अभाविप ने अपने 11 संभावित उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इसमें दीपिका झा, भूमिका चौहान, यश डबास, आर्यन मान, रोहित सिंह, इशु मौर्य, लक्ष्य राज सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, गोविन्द तंवर, नितिन तंवर और कुणाल चौधरी शामिल हैं।

# किस दाल को कितनी देर भिगोना चाहिए, नहीं होगी ब्लोटिंग या गैस की दिक्कत



**हमेशा बैलेंस डाइट लेने की सलाह दी जाती है, जिसमें अनाज, सब्जियां, फल और दालें शामिल हैं. वहीं अगर दालों की बात करें तो इसमें प्रोटीन, फाइबर और कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसके साथ ही दाल को बनाने का तरीका भी बहुत महत्व रखता है. बनाने से पहले दाल को पानी में भिगोकर रखना क्यों जरूरी होता है और कौन-सी दाल को कितने समय के लिए भिगोना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में**

दाल भारतीय खानपान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है. अलग-अलग तरह की डाइट में शामिल किया जाता है. यह प्रोटीन और कई तरह के पोषक तत्व का सोर्स होती है. हर दाल अपने अलग-अलग न्यूट्रिशन के लिए जानी जाती है. तुअर, मसूर, उड़द, चना और मूंग दाल कई तरह की होती है. जिसे अनगिनत फायदे होते हैं. चावल और रोटी दोनों के साथ लोग इसे बहुत चाव से खाते हैं. बच्चों को भी दूध के अलावा अक्सर दाल का पानी पिलाया जाता है. कई लोगों को दाल खाने के बाद ब्लोटिंग, गैस और हैवी फील होता है. ऐसे में हो सकता है कि आप दाल बनाने से पहले भिगोते न हों.

लेकिन दाल को बनाने का तरीका बहुत मायने रखता है. इसे अगर ज्यादा मसाले और तेल में बनाया जाए, तो इसके फायदे की जगह पर नुकसान भी हो सकता है. इसके अलावा कहा जाता है दाल को बनाने से कुछ देर पहले भिगोकर भी रखना चाहिए.न्यूट्रिशनिस्ट लीमा महाजन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने बताया है कि दाल को बनाने से पहले भिगोकर रखना क्यों जरूरी है और कौन-सी दाल को कितने समय के लिए भिगोकर रखना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में

दाल को भिगोकर रखना क्यों जरूरी है?

न्यूट्रिशनिस्ट लीमा महाजन ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में दाल को पकाने से पहले पानी में भिगोकर रखने के फायदों के बारे में लिखा है. जिसमें बताया गया है कि दाल में नेचुरली फाइटिक एसिड और टैनिन होते हैं जो आयरन, जिंक और कैल्शियम के अब्जॉर्पशन को रोकते हैं. ऐसे में बनाने से पहला दाल को भिगोने से ये कम हो जाते हैं. दाल में ऑलिगोसैकेराइड्स नाम की सुगर होती है जिन्हें हमारा पेट पचा नहीं पाता है, जिसके कारण गैस की समस्या हो सकती है और अगर दाल बनाने से पहले उसे भिगोया जाए तो वह शुगर धुल जाते हैं. साथ ही ऐसा करने से एंजाइम एक्टिव होते हैं, दाल को भिगोने के बाद स्प्राउटिंग प्रोसेस शुरू हो जाता है, जिससे प्रोटीन, बी-विटामिन और मिनरल्स ज्यादा बायोअवेलेबल हो जाते हैं. साथ ही पहले दाल को पानी में भिगोकर रखने से यह जल्दी बनकर तैयार हो जाती है. साथ ही पोषक तत्व भी सही रहते हैं और दाल नरम हो जाती है.

कौन-सी दाल को कितनी देर तक भिगोकर रखना चाहिए?

बिना छिलके वाली मूंग दाल, लाल मसूर और अरहर दाल को बनाने से पहले 30 मिनट पानी में भिगोकर रखना चाहिए. मूंग छिलका, उड़द छिलका और चना दाल को 2 से 4 घंटे भिगोकर रखना चाहिए. साबुत मूंग, साबुत मसूर, साबुत उड़द, लोबिया और मोठ को बनाने से पहले 6 से 8 घंटे भिगोकर रखना चाहिए. राजमा, सफेद चना और काला चना को बनाने से पहले रातभर पानी में भिगोकर रखना चाहिए. इसके साथ ही राजमा या चना पकाते समय तेजपत्ता, बड़ी इलायची और पिप्पली डालें, इससे उसका भारीपन हम होता है और पाचन में मदद मिलती है.

# भारत के रूस से तेल खरीदने को वैश्विक बाजार का समर्थन

**वैश्विक तेल बाजार अब तक झटकों को झेलने में माहिर हो चुका है, वैश्विक तेल बाजार ने अशांति पैदा करने के बजाय, भारत द्वारा रूसी तेल खरीद पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए दंडात्मक शुल्कों को सहजता से लिया है**



वाशिंगटन के दंडात्मक शुल्क, जिनका उद्देश्य भारत को इन ख़रीदों से रोकना है, उसी क्षेत्र पर शायद बहुत कम प्रभाव डाल रहे हैं जिसे वे प्रभावित करना चाहते थे। टैरिफ़ का असर तेल बाज़ार में नहीं, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका को भारतीय निर्यात के क्षेत्र में है। नई दिल्ली के लिए अमेरिका सबसे बड़े और सबसे आकर्षक बाज़ारों में से एक बना हुआ है।

वैश्विक तेल बाजार अब तक झटकों को झेलने में माहिर हो चुका है, वैश्विक तेल बाजार ने अशांति पैदा करने के बजाय, भारत द्वारा रूसी तेल खरीद पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लगाए गए दंडात्मक शुल्कों को सहजता से लिया है। कच्चे तेल की कीमतों में कोई असाधारण बदलाव नहीं आया है। यह शांति दर्शाती है कि व्यापारियों और निवेशकों ने पहले ही भारत के रूसी तेल को छोड़ने के अमेरिकी दबाव में न झुकने के फैसले को ध्यान में रखा था।कारण काफी सीधा है। भारत के लिए, रियायती दरों पर रूसी तेल तक पहुंच केवल एक आर्थिक सुविधा ही नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता भी है। आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा मांग के किसी भी अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में तेज़ी से बढ़ने का अनुमान है, इसलिए विश्वसनीय और किफ़ायती आपूर्ति श्रृंखलाएं सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। पश्चिमी प्रतिबंधों और यूरोपीय बाज़ारों तक पहुंच में कमी के दबाव में, मास्को ने स्वेच्छा से एक सस्ते आपूर्तिकर्ता की भूमिका निभाई है और भारत को ऐसी दरों पर कच्चा तेल उपलब्ध कराया है जिसका विरोध करना मुश्किल है। रूसी तेल खरीदकर, भारत न केवल बढ़ती वैश्विक कीमतों से अपनी अर्थव्यवस्था को बचाता है, बल्कि रूसी आपूर्ति के एक बड़े हिस्से को अवशोषित करके वैश्विक तेल बाज़ार पर एक स्थिर प्रभाव भी डालता है, जो अन्यथा अस्थिरता का कारण बन सकता था।विडंबना यह है कि वाशिंगटन के दंडात्मक शुल्क, जिनका उद्देश्य भारत को इन ख़रीदों से रोकना है, उसी क्षेत्र पर शायद बहुत कम प्रभाव डाल रहे हैं जिसे वे प्रभावित करना चाहते थे। टैरिफ़ का असर तेल बाज़ार में नहीं, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका को भारतीय निर्यात के क्षेत्र में है। नई दिल्ली के लिए अमेरिका सबसे बड़े और सबसे आकर्षक बाज़ारों में से एक बना हुआ है, खासकर कपड़ा, दवा, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग वस्तुओं जैसे क्षेत्रों के लिए। दंडात्मक टैरिफ़ ने अनिश्चितता का माहौल पैदा कर दिया है, जिससे अमेरिकी मांग पर अत्यधिक निर्भर भारतीय व्यवसायों की संभावनाओं पर असर पड़ा है। भारतीय निर्यातकों को अब अमेरिकी बाज़ार में प्रवेश की उच्च बाधाओं और ऐसे दंडों के अधीन न आने वाले देशों के प्रतिद्वंद्वियों के सामने प्रतिस्पर्धात्मकता खोने की संभावना की दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए, जो पहले से ही मुद्रास्फीति के दबाव और महामारी के बाद की आर्थिक बहाली की चुनौतियों से जूझ रहे हैं, यह एक बड़ा झटका है।दीर्घकालिक निहितार्थ और भी महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

यदि टैरिफ व्यवस्था जारी रहती है, तो भारतीय निर्यातकों को अपने व्यापार पैटर्न को पुनर्निर्देशित करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, और वे यूरोपीय, अफ्रीकी और एशियाई बाजारों तक अधिक पहुंच की तलाश कर सकते हैं। हालांकि व्यापार का विविधीकरण स्वाभाविक रूप से नकारात्मक नहीं है, लेकिन अमेरिका से दूर जाने की अचानक आवश्यकता स्थापित व्यावसायिक मॉडलों को बाधित कर सकती है और संक्रमणकालीन कठिनाइयां पैदा कर सकती है। इसके अलावा, यह जोखिम भी है कि अमेरिकी कंपनियां स्वयं इसका प्रभाव महसूस करेंगी, क्योंकि फार्मास्यूटिकल्स और आईटी सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों में भारतीय आपूर्ति श्रृंखलाएं अमेरिकी व्यावसायिक हितों से गहराई से जुड़ी हुई हैं। टैरिफ भारतीय निर्यातकों को दंडित करके जो हासिल करता है, वह अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए लागत बढ़ाकर उसे उतना ही नुकसान पहुंचा सकता है।रूसी तेल पर नई दिल्ली का रुख प्रतिस्पर्धी गुटों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने के उसके व्यापक विदेश नीति सिद्धांत के अनुरूप है। भारत के लिए, ऊर्जा सुरक्षा इतनी महत्वपूर्ण है कि इसे कूटनीतिक दबाव की वेदी पर बलिदान नहीं किया जा सकता, खासकर जब किफायती विकल्प सीमित हों। रियायती रूसी तेल भारत की अर्थव्यवस्था को ऐसे समय में महत्वपूर्ण राहत प्रदान करता है

जब मुद्रास्फीति का जोखिम अधिक है और देश विकास के स्तर को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है।वाशिंगटन की उम्मीदें और नई दिल्ली की गणनाओं के बीच यह अन्तर बदलती वैश्विक व्यवस्था की भी याद दिलाती है। शीत युद्ध के बाद का दौर, जब संयुक्त राज्य अमेरिका अपने प्रतिबंधों के अनुरूप साझेदारों पर भरोसा कर सकता था, एक अधिक खंडित और बहुध्रुवीय व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। भारत जैसे देश, जिनकी आर्थिक और जनसांख्यिकीय ताकत उन्हें भविष्य के वैश्विक विकास का केंद्र बनाती है, स्वतंत्र निर्णय लेने के अपने अधिकार पर ज़ोर दे रहे हैं। यह तथ्य कि तेल बाजार ने लचीलापन और यहां तक कि मूल्य स्थिरता दिखाकर भारत के विकल्प को प्रभावी ढंग से मान्य किया है, इस वास्तविकता को और पुष्ट करता है।

अल्पकालिक उथल-पुथल और दीर्घकालिक रुझानों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर भी है। अल्पावधि में, टैरिफ निस्संदेह भारतीय निर्यातकों के लिए परेशानी का कारण बनेंगे। लेकिन लंबी अवधि में, रूसी कच्चे तेल को अवशोषित करने में भारत की स्थिर भूमिका वैश्विक ऊर्जा कूटनीति में उसके प्रभाव को बढ़ा सकती है। नई दिल्ली ने पहले ही प्रमुख उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में अपनी स्थिति बनाना शुरू कर दिया है, और अनुकूल सौदे हासिल करने के लिए अपनी बढ़ती ऊर्जा भूख को सौदेबाजी के हथकंडे के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ मज़बूत संबंध बनाए रखते हुए रूसी तेल ख़रीदना जारी रखकर, भारत विरोधाभासों से निपटने की अपनी क्षमता प्रदर्शित करता है—एक ऐसा कौशल जो उभरते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में उसके लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

कच्चे तेल की कीमतों में आई सुस्ती बाज़ारों के बारे में एक गहरी सच्चाई को भी रेखांकित करती है- बाज़ार राजनीतिक दिखावे से कम, आपूर्ति और मांग के मूल सिद्धांतों से ज़्यादा प्रभावित होते हैं। व्यापारी अच्छी तरह जानते हैं कि जब तक भारत रूसी तेल का आयात करता रहेगा, वैश्विक आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा स्थिर रहेगा।

ये शुल्क, राजनीतिक दृष्टि से नाटकीय होते हुए भी, इस मूलभूत वास्तविकता को नहीं बदलते। इससे अमेरिका की विश्वसनीयता कम होने का ख़तरा है, क्योंकि बाज़ार प्रभाव की कमी को ऐसे उपायों की सीमित प्रभावशीलता के प्रमाण के रूप में देखा जा रहा है। इच्छित व्यवधान और वास्तविक स्थिरता के बीच का अंतर अन्य देशों को भी भारत के उदाहरण का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, जो बाहरी दबाव पर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं।

संपादकीय

# प्रकृति का रौद्र

जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो कितना घातक व विनाशकारी हो जाता है, इस बार की मूसलाधार मानसूनी बारिश ने हमें बता दिया है। लोग अब पानी के आवेग को देखकर डरने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों में बादल फटने, हिमस्खलन और मलबे के सैलाब की जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने हर किसी को भयभीत किया है। हालात ने बताया है कि हमेशा शांत रहने वाले पहाड़ भी कितना रौद्र रूप दिखा सकते हैं। इस अतिवृष्टि से सड़कों, पुलों व स्थायी संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं। जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से कुछ श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। बांधों से आया अतिरेक पानी रावी, ब्यास व सतलुज को विकराल बना गया, जिससे पंजाब के करीब एक दर्जन जिले जलमग्न हो गए हैं। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुल बहने व सड़कें तबाह होने से जन-जीवन पंगु बनकर रह गया है। पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई है। क्या कुदरत नाराज है? क्या ये गहराते ग्लोबल वार्मिंग संकट की देन है? दरअसल, हमारे नीति-नियंता पहाड़ों के पारिस्थितिकीय तंत्र की संवेदनशीलता को महसूस नहीं करते। भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता। साथ ही राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों की आधी-अधूरी तैयारियां भी संकट बढ़ाने वाली साबित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, हिमाचल सरकार ने स्वीकार किया है कि पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने के मौजूदा उपायों में कमियां रही हैं। राज्य ने इस स्थिति से निपटने के लिये एक 'व्यापक भावी कार्य योजना' तैयार करने के लिये कम से कम छह माह का वक्त मांगा है। विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने की तंत्र में कोई तात्कालिकता नजर नहीं आती। फिर इन आपदाओं का खमियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता।

निस्संदेह, प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति वनों की कटाई, अनियमित विकास तथा जलवायु परिवर्तन के कारकों की वजह से तेज हुई है। वास्तव में मौजूदा स्थितियों में जो कुछ करने की जरूरत है, वो किसी भी तरह कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इस संकट के मुकाबले के लिये वैज्ञानिक व प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल करने की जरूरत है।

उनकी राय और सलाह नीति-निर्माताओं का मार्गदर्शन करेगी। सरकारों को राजनीतिक और व्यावसायिक हितों को दरकिनार करते हुए, पर्यावरण संवर्धन के लिये काम करना चाहिए। हिमाचल सरकार की पहल सराहनीय है, जिसमें संकट को बढ़ाने वाली खामियों की पहचान करने हेतु अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों और सामुदायिक प्रतिनिधियों का एक कोर ग्रुप बनाने में उत्सुकता दिखायी गई है। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जोखिमों को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने हेतु विशेषज्ञों से परामर्श का आह्वान किया है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कोर ग्रुप या समितियों की सिफारिशों को गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए। अन्यथा पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। हमें अतीत के अनुभवों से सबक लेने की भी जरूरत है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदाओं के बाद बचाव, राहत व पुनर्वास में राज्य सरकारों तथा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय की प्रशंसा की थी। हालिया आपदाओं के मद्देनजर ऐसा तालमेल अपरिहार्य है। जिससे आपदाओं से लोगों की आजीविका और बुनियादी ढांचे का नुकसान कम से कम किया जा सके। प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करना समय की जरूरत है। निस्संदेह, खतरे के जरा से भी संकेत मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में तनिक भी देरी नहीं की जानी चाहिए।

# विश्वगुरु बनने की नई इबारत लिखता भागवत का उद्बोधन

**हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक व्याख्यानमाला केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। संघ सरचालक मोहन भागवत ने इन व्याख्यानों में जिस स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, उन्होंने संघ की विचारधारा के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण करने के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है,नए मनुष्य का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है। हिंदुत्व भारतीय जीवन दृष्टि है, वह व्यापक सांस्कृतिक धारा है, जिसमें करुणा, समरसता, सेवा, अहिंसा, सत्य और आत्मानुभूति का सम्मिलन है। हिंदुत्व सबको जोड़ता है, किसी को अलग नहीं करता। यह भारत की आत्मा है और इसी आत्मा के बल पर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्राप्त हो सकती है। इस स्पष्ट व्याख्या ने उस संदेह को भी दूर किया कि संघ का हिंदुत्व राजनीतिक या सत्ता प्राप्ति का साधन है। वास्तव में यह संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधने वाली दृष्टि है, जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। दूसरे दिन के वक्तव्य में भागवत ने और गहराई से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पंचकर्म की चर्चा करते हुए कहा कि जैसे आयुर्वेद में पंचकर्म शरीर की शुद्धि का साधन है, वैसे ही समाज की शुद्धि और पुनर्निर्माण के लिए भी पंचकर्म आवश्यक है। उन्होंने पांच आयाम बताए-चरित्र निर्माण, संगठन निर्माण, समरसता, गरीब का उत्थान और आध्यात्मिक जागरण। यह पांचों पहलू किसी भी समाज के स्थायी स्वास्थ्य और विकास के आधार हैं। केवल राजनीतिक सुधार या आर्थिक प्रगति से राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि तब बनता है जब व्यक्ति का चरित्र शुद्ध हो, समाज संगठित हो, उसमें समरसता हो, कमजोर वर्ग को उत्थान मिले और राष्ट्र का जीवन उच्च आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न हो।



विशेष रूप से गरीब आदमी के उत्थान पर भागवत का जोर उल्लेखनीय था। उन्होंने कहा कि भारत तभी सशक्त होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचे। यह विचार महात्मा गांधी के 'अंत्योदय', विनोबा भावे के 'सर्वोदय' और दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' की पुनर्स्मृति कराता है। आधुनिक भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास के लाभ समाज के सभी तबकों तक समान रूप से नहीं पहुंचते। अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। यदि इस खाई को नहीं भरा गया, तो राष्ट्र की प्रगति अधूरी रह जाएगी। भागवत का दृष्टिकोण यह है कि राष्ट्र तभी महान बन सकता है जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी गरिमा और सम्मान के साथ जीवन जी सके। धर्मों की एकता पर उनका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत का इतिहास यही बताता है कि यहां विविधता में एकता की परंपरा रही है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन-सभी धर्म इस भूमि पर फले-फूले हैं और सभी का मूल संदेश करुणा, सेवा और मानवता रहा है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब धर्म को सत्ता की राजनीति से जोड़ा जाता है। भागवत का कहना था कि यदि हम धर्मों के मूल्यों को देखें तो उनमें कोई टकराव नहीं है। सबका आधार प्रेम, सत्य और सेवा है। यही साझा आधार भारत को एक ऐसा समाज बनाने में सक्षम है, जो विश्व के लिए अनुकरणीय हो।भागवत के विचार निश्चित रूप से भारत की सांस्कृतिक परंपरा और संघ की कार्यप्रणाली को नई स्पष्टता देते हैं, लेकिन यहां यह प्रश्न भी उठता है कि इन विचारों को व्यवहार में उतारने की राह कितनी सरल है? समाज की जटिलताओं, जातीय और धार्मिक तनावों, राजनीतिक स्वार्थों और आर्थिक विषमताओं के बीच नया मनुष्य बनाना एक दीर्घकालिक साधना है। आलोचक कहते हैं कि संघ के पास विचार तो हैं, लेकिन उनकी जड़ें अभी तक समाज के सभी वर्गों तक गहराई से नहीं पहुँची हैं। विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों में संघ के प्रति संदेह आज भी विद्यमान है। इसलिए केवल वक्तव्यों से नहीं, बल्कि ठोस और पारदर्शी कार्यों से यह भरोसा पैदा करना होगा कि संघ का हिंदुत्व वास्तव में सर्वसमावेशी है। इसी तरह गरीब के उत्थान और धर्मों की एकता की बातें विचारणीय हैं, किंतु यह भी देखना होगा कि क्या संघ और उससे जुड़े संगठन इस दिशा में ठोस योजनाएं और परिणाम दे पा रहे हैं? आलोचक यह प्रश्न उठाते हैं कि विकास की मुख्यधारा में गरीबों की स्थिति सुधारने में सामाजिक संगठनों से अधिक भूमिका सरकार की रही है। अतः यदि संघ इन बिंदुओं को अपनी कार्ययोजना का मूल बनाए, तो उसे केवल नैतिक आह्वान से आगे बढ़कर व्यावहारिक नीतियां और कार्यक्रम तैयार करने होंगे। तभी यह दृष्टि प्रभावी सिद्ध होगी और भारत सचमुच उस दिशा में बढ़ सकेगा, जिसकी परिकल्पना व्याख्यानमाला में की गई।आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। संघ की शताब्दी वर्ष की यह व्याख्यानमाला केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए एक संदेश है। यह संदेश है-नए मनुष्य का निर्माण करना, गरीब को उठाना, धर्मों को जोड़ना, समाज में समरसता स्थापित करना और हिंदुत्व की व्यापक जीवन दृष्टि के आधार पर विश्व को दिशा देना। यह केवल भाषण नहीं, बल्कि एक संकल्प है। यदि भारत को सचमुच विश्वगुरु बनना है, तो यह संकल्प पूरे समाज का होना चाहिए।

संघ को लेकर लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि उसकी विचारधारा संकीर्ण है, वह केवल बहुसंख्यक समाज का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें अल्पसंख्यकों के लिए कोई स्थान नहीं है। भागवत के इन वक्तव्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघ का दृष्टिकोण न तो संकीर्ण है और न ही बहिष्कृत करने वाला। संघ का हिंदुत्व सर्वसमावेशी है, जिसमें सभी धर्म और सभी आस्थाएं स्थान पा सकती हैं। इसका उद्देश्य सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि समाज का नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण है। संघ की शताब्दी का यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि आज भारत का भविष्य एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर आर्थिक प्रगति, तकनीकी उपलब्धियां और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा है, तो दूसरी ओर आंतरिक चुनौतियां भी हैं-सामाजिक असमानता, जातीय तनाव, धार्मिक विद्वेष और मूल्यहीन राजनीति। इन चुनौतियों का समाधान केवल बाहरी सुधारों से नहीं, बल्कि भीतर से परिवर्तन लाने से होगा। यही संघ की कार्यप्रणाली है और यही भागवत का संदेश है। नये क्षितिज की ओर व्याख्यानमाला एक निष्कर्ष की ओर ही नहीं, बल्कि एक प्रश्न की ओर भी ले जाती है, क्या हम भारत को केवल भौतिक अर्थों में शक्तिशाली बनाना चाहते हैं या उसे वास्तव में विश्वगुरु बनाना चाहते हैं? यदि उत्तर दूसरा है, तो हमें भागवत के सन्देश को क्रियान्विति का धरातल देना ही होगा।

